महानगर नई दिल्ली शुक्रवार 14 अप्रैल, 2023, रु. 6.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

सुनक के सामने राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

भारत विरोधी तत्त्वों पर कड़ी कार्रवाई करे ब्रिटेन : मोदी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने ब्रितानी समकक्ष ऋषि सुनक के साथ टेलीफोन पर बात की और ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए भारत विरोधी तत्त्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई काआह्वान किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने कई द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से व्यापार और आर्थिक क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की।

बयान के अनुसार, 'मोदी ने ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और ब्रिटेन सरकार द्वारा भारत विरोधी तत्त्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आह्वान किया।'

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन भारतीय उच्चायोग पर हमले को पूरी तरह अस्वीकार्य मानता है और उसने भारतीय मिशन और उसके कर्मियों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने कई द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से व्यापार और आर्थिक क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की। *ब्रिटेन* के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन भारतीय उच्चायोग पर हमले को पूरी तरह अस्वीकार्य मानता है और उसने भारतीय मिशन और उसके कर्मियों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। *बातचीत* के दौरान मोदी ने ब्रिटेन में शरण लेने वाले आर्थिक अपराधियों का मुद्दा भी उठाया। *भारत* ब्रिटेन से उद्योगपति विजय माल्या और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का प्रयास कर रहा है।

मोदी ने ब्रिटेन में शरण लेने वाले आर्थिक अपराधियों का मुद्दा भी उठाया। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन से उद्योगपति विजय माल्या और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का प्रयास कर रहा है। बयान में कहा गया कि उन्होंने उन भारतीय भगोड़ों की वापसी पर प्रगति की मांग की ताकि वे भारतीय न्यायिक प्रणाली के समक्ष पेश हो सकें।

मोदी ने सितंबर 2023 में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए सुनक को आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री सुनक ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता में हुई प्रगति की सराहना की और इसकी सफलता के लिए ब्रिटेन के पूर्ण समर्थन को दोहराया।

अतीक के बेटे, उसके साथी को एसटीएफ ने मार गिराया

झांसी के पास हुई मुठभेड़, अत्याधुनिक विदेशी हथियार बरामद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने गुरुवार को झांसी में माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और उसके एक साथी गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया। विशेष अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा, प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में वांछित असद अहमद और गुलाम पांच-पांच लाख रुपए के इनामी बदमाश थे। दोनों की झांसी में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मौत हो गई। मुठभेड़ में शामिल एसटीएफ की टीम का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक नवेंदु कुमार और विमल कुमार सिंह ने किया। यह घटना गुरुवार की दोपहर साढ़े बारह बजे से एक बजे के बीच हुई।

असद अहमद

यह मुठभेड़ उसी दिन हुई, जिस दिन गुजरात की साबरमती जेल से सड़क मार्ग से प्रयागराज ले जाए गए अतीक और उसके भाई अशरफ को उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक, उमेश पाल की हत्या के बाद असद और गुलाम फरार थे और इन दोनों को पकड़ने के लिए एसटीएफ की कई टीमों को लगाया गया था।

अधिकारियों के अनुसार, झांसी में गुरुवार को एसटीएफ की एक टीम ने जब मोटरसाइकिल से भागने की बाकी पेज 8 पर

मुठभेड़ स्थल पर असद की मोटरसाइकिल।

अतीक और उसके भाई अशरफ को पांच दिन की पुलिस रिमांड

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

माफिया अतीक अहमद ने उमेश पाल हत्याकांड मामले में विवेचक को दिए बयान में पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध होने की बात कबूली है।

अतीक ने बुधवार को विवेचक को दिए बयान में कहा, मेरे पास हथियारों की कोई कमी नहीं है क्योंकि मेरे सीधे संबंध पाकिस्तानी एजंसी आइएसआइ और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से हैं। उधर, प्रयागराज के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने गुरुवार को उमेश पाल हत्याकांड में नामजद आरोपी तथा माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पांच दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की।

जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बाकी पेज 8 पर

राहुल की याचिका पर अदालत 20 अप्रैल को सुनाएगी फैसला

सूरत, 13 अप्रैल (भाषा)।

सूरत की एक सत्र अदालत ने गुरुवार को कहा कि 'मोदी उपनाम' टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आरपी मोगेरा ने कहा कि वे 20 अप्रैल को फैसला सुनाएंगे।

सूरत में एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने 23 मार्च को कांग्रेस नेता को 2019 में एक चुनावी रैली के दौरान की गई उनकी टिप्पणी 'सभी चोरों का मोदी उपनाम कैसे हो सकता है' के लिए उन्हें दोषी ठहराते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई थी। सजा के बाद संसद सदस्य के रूप में अयोग्य ठहराए गए गांधी ने फैसले के खिलाफ सत्र अदालत में अपील दायर की है। उन्होंने इस दौरान दोषसिद्धि पर रोक लगाने की भी प्रार्थना की।

भाजपा विधायक एवं शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी ने इसी अदालत में पहले दाखिल किए गए अपने जवाब में राहुल गांधी की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि कांग्रेस नेता बार-बार अपराध करते हैं और उन्हें अपमानजनक बयान देने की आदत है। गांधी की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील आरएस चीमा ने न्यायाधीश से कहा कि सुनवाई निष्पक्ष नहीं हुई।पूरा मामला इलेक्ट्रानिक सबूत पर आधारित है, जिसमें मैंने बाकी पेज 8 पर

बीबीसी के खिलाफ फेमा जांच शुरू की प्रवर्तन निदेशालय ने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनिमय संबंधी कथित उल्लंघन को लेकर समाचार प्रसारक बीबीसी (ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन) इंडिया के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज किया है। जांच एजंसी ने उसके कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया, जिसके बाद प्रसारण कंपनी के उप प्रबंध संपादक गुरुवार को पेश हुए। आयकर विभाग ने फरवरी में दिल्ली में बीबीसी कार्यालय परिसरों का सर्वेक्षण किया था।

अधिकारियों के अनुसार फेमा के प्रावधानों के तहत कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) के कथित उल्लंघन और संबंधित मामलों की अनिवार्य रूप से जांच के लिए लगभग दो सप्ताह पहले मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि ईडी ने दस्तावेज मांगे हैं और कंपनी के कुछ अधिकारियों के बयान दर्ज किए हैं और कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की एक टीम ने पिछले सप्ताह कुछ वित्तीय दस्तावेज जमा किए हैं। प्रसारक की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता अंशुल अविजित ने कहा, 'अभिव्यक्ति की आजादी छीनी जा रही है। कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है, संस्थाओं को हथियार बनाया जा रहा है। प्रेस की आवाज को दबाया जा रहा है। यह माहौल है। यहां पर कार्यपालिका का आंतक है, और कुछ नहीं।' उन्होंने कहा, 'हम लड़ते रहेंगे, आवाज उठाते रहेंगे।' आयकर विभाग ने इस वर्ष 14 फरवरी को कथित कर अपवंचना की जांच के तहत दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों तथा दो अन्य संबंधित स्थानों पर सर्वेक्षण अभियान चलाया था।

आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा था कि मीडिया समूह बीबीसी की भारत में संचालित विभिन्न संस्थाओं की तरफ से दिखाए गए आय एवं लाभ के आंकड़े भारत में उनके परिचालन के अनुरूप नहीं हैं और उसकी विदेशी इकाइयों ने विदेश भेजी गई कुछ रकम पर कर का भुगतान नहीं किया है।

सर्वे के बाद बीबीसी ने कहा था कि वे अधिकारियों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे और उम्मीद करते हैं कि मामले को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा।

बठिंडा सैन्य अड्डे पर हमला करने वालों की तलाश जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

पंजाब में बठिंडा सैन्य अड्डे पर बुधवार को की गई गोलीबारी के हमलावरों की तलाश जारी है। गोलीबारी की इस घटना में सेना के चार जवान मारे गए थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'घटना की जांच और हमलावरों की तलाश के लिए हम सेना के साथ संपर्क में हैं।'

इस बीच, पंजाब में बठिंडा सैन्य अड्डे पर बुधवार को हुई गोलीबारी की घटना के 12 घंटे बाद एक अन्य सैनिक की गोली लगने से मौत हो गई। सेना के अनुसार, बुधवार की दोपहर को हुई जवान की मौत का सैन्य अड्डे पर सुबह हुई गोलीबारी से कोई संबंध नहीं है।

बठिंडा सैन्य अड्डे पर बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे तोपखाना इकाई में भोजनालय के पीछे मौजूद बैरक के पास हुई गोलीबारी में चार सैनिक मारे गए। घटना के समय चारों सैनिक सो रहे थे जिनकी उम्र 24 से 25 साल के बीच थी।

पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, गोलीबारी के बाद एक जवान ने दो अज्ञात लोगों को सफेद कुर्ता पजामा में बैरक से बाहर आते देखा। दोनों के मुंह और सिर कपड़े से ढके हुए थे। इनमे से एक के पास इंसास और दूसरे के पास एक कुल्हाड़ी बाकी पेज 8 पर

कर्नाटक में मुसलिम आरक्षण हटाने का फैसला 'त्रुटिपूर्ण' : न्यायालय

नई दिल्ली 13 अप्रैल (ब्यूरो)।

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के लिए आरक्षण में दो-दो फीसद वृद्धि करने एवं ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मुसलमानों के चार फीसद आरक्षण को खत्म करने का कर्नाटक सरकार का फैसला प्रथम दृष्टया 'त्रुटिपूर्ण' प्रतीत होता है।

पीठ ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय की और मेहता एवं रोहतगी से अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

-पूरी खबर पेज 8

कोरोना के 10,158 नए मामले, आठ माह में सर्वाधिक;15 मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

देश में एक दिन में कोरोना विषाणु संक्रमण के 10,158 नए मामले सामने आए, जो बीते करीब आठ महीने में दर्ज सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 44,998 पर पहुंच गई है।

देश में 230 दिन बाद सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। पिछले साल 26 अगस्त को संक्रमण के 10,256 दैनिक मामले सामने आए थे। देश में बुधवार को संक्रमण के 7,830 दैनिक मामले सामने आए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से महाराष्ट्र के नौ, गुजरात के दो और दिल्ली, केरल, राजस्थान तथा तमिलनाडु के एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 5,31,035 हो गई।

वहीं संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में चार नाम और जोड़े हैं।

निर्यात छह फीसद बढ़ कर 447 अरब डालर पर

रोम, 13 अप्रैल (एजंसी)।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि देश का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2022-23 में करीब छह फीसद बढ़ कर रिकार्ड 447 अरब डालर रहा। मुख्य रूप से पेट्रोलियम, औषधि, रसायन व समुद्री उत्पादों के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से निर्यात अच्छा रहा है।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में निर्यात 422 अरब डालर था। देश का आयात भी आलोच्य वित्त वर्ष में 16.5 फीसद बढ़ कर 714 अरब डालर रहा, जो एक साल पहले 2021-22 में 613 अरब डालर था। गोयल ने कहा कि वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात नई ऊंचाई पर पहुंचा है और 2022-23 में 14 फीसद बढ़ कर 770 अरब डालर रहा, जो एक साल पहले 676 अरब डालर था।

मंत्री ने कहा कि भारत के निर्यात का प्रदर्शन शानदार रहा है। देश से कुल निर्यात 2022-23 में 770 अरब डालर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में यह 14 फीसद अधिक है। 2020 में यह 500 अरब डालर व 2021-22 में 676 अरब डालर था। देश का सेवा निर्यात भी 2022-23 में 27.16 फीसद बढ़ कर 323 अरब डालर बाकी पेज 8 पर

जम्मू-कश्मीर में जी20 की बैठक पर पाक की आपत्ति खारिज की

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (ब्यूरो)।

भारत ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अगले महीने जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक आयोजित करने पर पाकिस्तान की आपत्तियों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये दोनों केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं तथा वहां बैठक आयोजित करना स्वभाविक है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रेस वार्ता में कहा कि जी20 की बैठकें देश के हर क्षेत्र में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जी20 की बैठकों का जम्मू कश्मीर और लद्दाख में आयोजन स्वभाविक है क्योंकि ये क्षेत्र भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं।

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में अगले महीने जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक करने के भारत के फैसले पर मंगलवार को आपत्ति जताई थी। बागची ने कहा कि मैं कहूंगा कि हम ये बैठकें हर क्षेत्र में कर रहे हैं। यह स्वाभाविक है कि हम इसका आयोजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भी करें।

बंगाल, ओड़ीशा, आंध्र और बिहार के लिए चेतावनी | पूर्वानुमान | तीन से चार दिनों तक 'लू' चलने के आसार

देश में सामान्य से ज्यादा दिनों तक लू चलने की आशंका

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा दिनों तक लू चलने की भी आशंका जताई गई है।

पश्चिम बंगाल के मैदानी हिस्से, ओडीशा, आंध्र प्रदेश और बिहार के कुछ भागों में अगले तीन से चार दिनों तक 'लू' की स्थिति रह सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने गुरुवार को यह पूर्वानुमान जारी किया। इससे पहले, अप्रैल की शुरुआत में मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम के कुछ भाग और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को छोड़ कर देश के अधिकतर हिस्सों में अप्रैल से जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का पूर्वानुमान जताया था। इस अवधि में मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा दिनों तक लू चलने की भी आशंका है।भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के मैदानी भागों के अलग-अलग हिस्सों में सोमवार (17 अप्रैल) तक, उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और ओडीशा में शनिवार (15 अप्रैल) तक तथा बिहार में शनिवार से सोमवार (15 से 17 अप्रैल) तक लू चलने की संभावना है।

'लू' की स्थिति होने की घोषणा तब की जाती है, जब मैदानी इलाकों में किसी स्थान पर अधिकतम तापमान बढ़ कर कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पर्वतीय इलाकों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है, या फिर सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो जाता है।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत में मौजूदा समय में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह रहा है।

विभाग ने कहा कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के कई हिस्सों और पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडीशा, तटीय आंध्र प्रदेश और केरल में अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है।

साल 2023 में, फरवरी का महीना 1901 के बाद से इस माह (फरवरी) का सबसे गर्म महीना रहा था। हालांकि, मार्च में सामान्य या उससे अधिक बारिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। मार्च 2022 अब तक का सबसे गर्म महीना रहा था और पिछले 121 वर्षों में तीसरा सबसे शुष्क महीना था। उस साल अप्रैल महीना भी, 1901 के बाद से तीसरा सबसे गर्म अप्रैल महीना रहा था।

'पूर्व सहमति का प्रमाण दिए बिना अधिक अंशदान का प्रावधान करे ईपीएफओ'

कोच्चि, 13 अप्रैल (एजंसी)।

केरल उच्च न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से कहा है कि वह कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को पूर्व सहमति का प्रमाणपत्र देने की जरूरत के बिना अधिक अंशदान का विकल्प चुनने की अनुमति देने के लिए अपनी आनलाइन प्रणाली में प्रावधान करे। न्यायमूर्ति जियाद रहमान ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश दिया। याचिका में दावा किया गया था कि अधिक योगदान का विकल्प चुनते समय दिए पूर्व अनुमति की एक प्रति देनी होती है, जो ईपीएफ योजना, 1952 के तहत अनिवार्य है।

-पूरी खबर पेज 8

www.readwhere.com

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

It is for general information that I, Pankaj Kumar Soni S/o Mathura Prasad Soni, R/o House No-825, Sun Light Colony-2, Baba Shadi Dharam Sala, Ashram, Delhi-110014, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Pankaj Soni and Sudha respectively in my minor son Ashutosh Soni aged 11 years in his School Records. The actual name of mine and my wife are Pankaj Kumar Soni and Sudha Seth Soni respectively, which may be amended accordingly. 0070837208-1

I, Vinod Kumar Patyal, s/o Sh. Mohan Singh R/o. 444, F/F, Near Shiv Mandir, Sector-21D, Hbc Faridabad-121001, Haryana, have Changed my name to Vinod Kumar, permanently. 0040663353-1

I, Sushil Kumar s/o- Ghanshyam Dass,R/o 1/8462, 1st-Floor, Gali. No.1, Near-Ramayan Bhawan, West-Rohtash Nagar, Delhi-110032, have Changed my name to Sushil Gupta, permanently. 0040663353-3

I, Shailja w/o Sushil Gupta, R/o 1/8462, 1st Floor, Gali. No.1, Near-Ramayan Bhawan, West Rohtash Nagar, Delhi-110032, have Changed my name to Shailja Gupta, permanently. 0040663353-4

I, Saraju Prasad S/o Laxmi Narain R/o B-2/313, Varun Apartment Sector-9, Rohini Delhi-110085, changed my name to Saraju Prasad Verma 0040663354-4

I, Sabina Kapoor, w/o Pankaj Wadhwa, R/o F-403, Tower-F, GPL Eden Heights, Sector-70, Gurgaon-122001, Haryana, have Changed my name to Sabina Wadhwa, permanently. 0040663357-5

I, Rudra Vardhan Singh, S/O Tathagat Singh R/O P-64, Sector-11, Noida-Gautam Budha Nagar Pin-201301, Have changed My Minor Son Name to Atharva Vardhan Singh, for all Purpose. 0040663339-8

I, Raghunath Menon,son of, late Sh P Gangadhar Menon, R/o House. no. 268A, G.F-1, Sector-1, Vaishali, Ghaziabad, UP declare that I am known and called as Raghunath Menon@Kakkanatt Raghunath Menon@ K Raghunath Menon. The above names pertain to one and same person. 0040663339-4

I, Rachana Khurana W/o Rajesh Gogia, R/o 12/135, Geeta Colony, Delhi-110031 have changed my name to Rachna Gogia. 0040663357-2

I, RAHUL GUPTA S/O GRISH CHAND R/O H.NO. C-27, FIRST FLOOR, MOLARBAND EXTN., GALI NO. 16-E, BADARPUR, DELHI-110044 declare that name of mine has been wrongly written as KAMAL in my minor daughter PALSHI aged 17 years 10th class marksheet and certificate. The actual name of mine is RAHUL GUPTA 0070837243-1

I, Priyanka Gupta,W/o-GeetanshAddress- Mukesh Trading Corp, Main Bazar Kunihar.Village: Hatkot, PO:Kunihar. Tehsil: Arki, Distt:Solan, Hp-173207, changed my name to Priyanka. 0040663339-2

I, Rohit S/o Surender Gupta R/o D-13/134, Sector-7, Rohini, Delhi, have changed my name to Rohit Gupta. 0040663354-1

I, Poonam Tyagi W/o Anil Kumar Tyagi R/o Flat No.-148, Tower-9, Palm Olympia, Greater Noida West, Sector-16C, Gautam Buddha Nagar, UP-201306 have changed my name to DIKSHA TYAGI for all future purposes. 0070837257-1

I, Pankaj Mani Dhal,S/O-Mohinder Partap, R/O A-3/97, Janakpuri, New Delhi-110058, Have Changed my Minor Daughter Name Christy to Christy Dhal. 0040663339-9

I, PAWAN KUMAR S/O Late BANARSI LAL, D-1-A Radhey puri, Krishna Ngr, Delhi-51 have changed my minor Son's name from SAGAR to SAGAR ARORA. 0040663351-1

I, Nidhi Arora W/o Anant Kishan Mehra R/o A-19, Sector-34, Noida, Gautam Buddha Nagar, UP-201301 have changed my name to NIDHI MEHRA for all future purposes. 0070837258-1

I, Neema,W/o Faisal Zanjani, R/o A-68, Pocket-00, 32 Metar, Sector-2, Rohini, Delhi-110085, have changed my name Neema Zanjani. 0040663354-6

I Meenu Chopra,W/o-Sh.Praveen Kumar Kapoor, R/o-H.No.1792, Rani Bagh, Shakur Basti,Delhi-34 have changed my name to Jyoti Kapoor for all purpose.That Meenu Chopra & Jyoti Kapoor is the-one and same-person. 0040663285-1

I, ANURADHA, W/O GAURAV MEENA, ADD S2-10, SARASWATI APARTMENTS, SEC-D6, VASANT KUNJ, SOUTH-WEST, DELHI-110070, changed my name to ANU-RADHA TAMARIA, for all, future purposes. 0040663339-7

व्यक्तिगत

I, Naresh Singh Bisht S/o Bishan Singh Bisht R/o G-91, Sector-22, Noida, Gautam Buddha Nagar, declare that my name has been wrongly written as Naresh Bisht in my son's 10th Marksheet. 0040663338-1

I, Narender Kumar, S/o Hawa Singh, R/o Flat. No. 201, Second Floor, KH. No.597, Vill. Rangpuri, E-Block Galaxy Appt, Mahipalpur, South West, Delhi-110037, have changed my name to Narender Singh. 0040663354-7

I, Monika Menon, W/o Sh.Raghunath Menon, R/o House. no. 268A, G.F-1, Sector-1, Vaishali, Ghaziabad,UP declare that I am known and called as Monika Menon@ Monika. Both names pertain to one and same person. 0040663339-5

I, Mehrunnisa Quershi W/o Mr. Gulam Sabir R/o Plot No.2, Kh.No.5/4, Between Street No.3&4, Sangam ViharVillage Wazirabad, Burari, Delhi-110084 do hereby solemnly inform that in some documents my name is written as Mrs. Mehrun Nisha instead of Mehrunnisa Quershi, I will be known as Mehrunnisa Quershi for all future purposes. 0040663304-1

I, Mandeep Singh Tikla S/o Baljeet Singh R/o 312, Jagriti Enclave Delhi 110092 have change my name to Mandeep Singh for all future purposes 0040663199-1

I, Madhavi Cherukupalli W/o Chatrati Prasad Rao R/o 60-D, Regal, ShipraSuncity, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014 have changed my name fromMadhavi Cherukupalli to Chatrati Phani Madhavi for all purposes. 0040663328-1

I, Kiran W/o-Satish Singhal, R/o G-42, New Seelampur, Delhi-110053, have Changed my name to Kiran Singhal, for all, future purposes. 0040663353-2

I, Khurshida W/o-Azhar Khan, R/o:Plot.No-164A, Deep Enclave,Part -1, Gali. No-10, Vikas Nagar, Uttam-Nagar, New Delhi -110059, Have Changed My Name to khur-shida Khanam, for all Purposes. 0040663353-5

I, Kavita W/o Anil Gogia, R/o 12/135, Geeta Colony, Delhi-110031, have changed my name to Kavita Gogia. 0040663357-1

I, Jasvinder Singh S/o Gurdeep Singh, R/o 1683, Outram Line, Kingsway Camp, GTB Nagar, Delhi-110009, have changed my name to Jaswinder Singh, for all purposes. 0040663282-1

I, JATIN SINGH, S/O PREM SINGH, ADD CA-100C, BLOCK DDA FLATS HARI NAGAR, WEST, DELHI-110064, Changed my name to JATIN SINGH SHOUN, for all, future purposes. 0040663339-1

I, Harpreen Kaur Dhir W/o Sajan Phawa R/o FA-37, Shivaji Enclave Rajouri Garden Tagore Garden Delhi-110027, changed my name to Harpreen Kaur 0040663354-3

I, Deepak Kumar S/o Sh. Bhisham Lal Chanana R/o 2069, Outram Line , Near GTB Nagar Metro Station, Delhi-110009, have changed my name to Deepak Kumar Chanana for all future Purposes 0040663287-1

I, Charan Singh, S/o Mam Chand, R/o 273A, Choudhary Mam Chand Marg, Gujjar Chock, Ram Pura, North West, Delhi-35, do hereby declare that I have changed my name from Choudhary Charan Singh Khari to Charan Singh.Choudhary Charan Singh Khari and Charan Singh are the name of same one person. 0040663283-1

I, Babita Devi W/o Manoj Kumar R/o Flat No.473 G.F, C&D Block Kanishka Apartment Shalimar Bagh Delhi-110088 declare that name of mine and my minor son KETAN ANTIL aged-10,years has been wrongly, written as BABITA and KETAN in, his school, record the actual name of mine, and my, minor son are BABITA DEVI and KETAN ANTIL. 0040663354-5

I, Al Sana Iqbal D/o Mohd Iqbal R/o T-257, Sher Ka Pinjra, Idgah Road, Quresh Nagar, Sadar Bazar, Delhi-110006my mother name is not mentioned in my marksheet, and my mother name is Saeeda Begum. 0040663294-1

I, ANITA BHUTANI W/O SUNIL KUMAR R/O HNO. 317, LAL JYOTI APARTMENT, SECTOR-9, ROHINI, DELHI-110085. HAVE CHANGED MY NAME TO ANITA. 0040663339-3

I Sanoj Malik S/o Sh. Sansar Malik R/o H.No.C-4/172, First Floor, Yamuna Vihar, Delhi-110053 have changed the name of my minor son from Shorya to Shorya Malik for all purposes. 0040663275-1

I, CHANDNI D/O SURESH KUMAR R/O 737/3, BHAGWAN GALI KOTLA MUBARAKPUR, NEW DELHI 110003. CHANGED MY NAME TO CHANDNI KUMARI. 0040663354-2

I, MOLY THOMAS MURIKKUM THOTTATHIL /MOLY THOMAS M, W/O JOSE SEBASTIAN, ADD 19/703, NURSES RESIDENTIAL COMPLEX SRINIWASPURI, SOUTH EAST DELHI-110065, changed my name to MOLY JOSE, for all, future purposes. 0040663339-6

I Sandeep S/o Sh. Ram Kishor R/o H.No.5, Bhattachrya Lain, Gali No.1, A-1 Block, Bangali Colony, Sant Nagar, Burari, Delhi-110084 have changed my name to Sandeep Kumar for all purposes. 0040663275-3

I Priyanki Tanwar D/o Praveen Tanwar R/o WZ-513A, Basai Dara Pur, Ramesh Nagar, Delhi-110015, have changed my name to Priyal Tanwar 0070837209-1

I Gullu S/o Mohd Sharif R/o F-251, New Seema Puri, Shahdara, Jhilmil. Delhi-110095, have changed my name to Aryan Shah. I have changed only my name not my Religion 0070837206-1

I Devinder Singh S/o Sh. Narender Singh R/o House No. RZ-748, M-Block, Gali No.7, Prem Nagar, Najafgarh, New Delhi-110043 have changed the name of my minor son from Aditya Singh to Aditya for all purposes. 0040663275-2

I Atul Kumar S/o Jagdish Lal Chhabra R/o WZ-17A, GF, Hind Nagar, Gali No-1, Near MRV School, Tilak Nagar, West Delhi-110018, have changed my name to Atul Chhabra. 0070837203-1

I, SITARA W/O NAEEM AHMAD, ADD B-41, G/F, DDA-COLONY NEW ZAFRABAD NORTH EAST DELHI-110032, changed my name to SITARA BEGUM, for all, future purposes. 0040663357-4

I, NAEEM/NAEEM AHMED S/O MUSTKEEM, ADD B-41, G/F, DDA COLONY, NEW ZAFRABAD NORTH-EAST DELHI 110032, changed my name to NAEEM AHMAD, for all, future purposes. 0040663357-3

I, ABHISHIKA JANARDAN D/O,BHUVNESH JANARDAN EX-W/O ABHISHEK BHARDWAJ R/o,Flat-No.102, U.G.F., Plot-No.H-648, Village Pochanpur,Dwarka, Sector-23, New-Delhi-110075,that I got divorce from my ex-husband VAIBHAV DIXIT vide-decree no.HMA-No.1142/20 dated-21.09.2020 further, I have changed the name of my-minor daughter AVANTIKA DIXIT aged-4-years and she shall hereafter be known as DHRITI JANARDAN. 0040663216-9

It is for general information that I, SHILPA GOEL D/O LATE SHRI SHILADITYA GOELand Ex. Wife of MAYNAK JAIN R/O H. NO. 808, SECTOR-16, FARID-ABAD, HARYANA121002 declare that I got divorce from my husband vide Court Decree HMA No. 99/2023 dated 21.02.2023. Further I have changed myname and shall hereafter be known as SHILLPA. 0040663303-1

खोया+पाया

I, Nivedita Verma, W/o Nikesh Nandan had lost my registry paper of my flat No ASH-12/03, Shipra Suncity, Indirapuram, GZB, Vide book no.1, Volume No.3569 from page no 247 to 280 having Sr. No.27263, Date 25.11.2003, if found please contact Nivedita Verma# 09412780955 0070837248-1

I,Dharmendra Kumar Pappu S/o Late Sh. Kapileshwar Chaudhary R/o-H.No.-I-242, Gali No.-4,Gyan Mandir Road,Ekta Vihar,Jaitpur Extn,Part-1,Badarpur,NEW Delhi-110044,have changed my name from Dharmendra Kumar Pappu to Dharmendra Kumar for all future purposes. 0040663339-11

Lost my original possession letter VCGHS/A-27/2011 of, Flat A27, Vrindavan Apartments, Vrindavan-CGHS Ltd, Sector6, Dwarka, New Delhi-75. FIR at Police Station has been filed. Finder Contact :Varun Juneja-9810232462. 0040663339-10

ORIGINAL PERPETUAL LEASE DEED OF AG-671,SHALIMAR BAGH DELHI HAS BEEN LOST FINDER,CONTACT ARVIND KUMAR ARORA AT ABOVE ADDRESS/7982022210 0040663357-7

खोया और पाया

मैं, नज़मा बेगम, W/o स्वर्गीय जमील अहमद, निवासी डब्ल्यू-304 ताज एन्क्लेव, गीता कॉलोनी, दिल्ली-110031, मेरे तीन (03) शेयर सर्टिफिकेट (कुल 50 शेयर) खो गए हे जो स्वर्गीय जमील अहमद के नाम पर ताज सरताज को- ऑपरेटिव ग्रुप होसिंग सोसाइटी लिमिटेड, गीता कॉलोनी, दिल्ली - 110031 द्वारा जारी किए गए थे। तीन शेयर सर्टिफिकेट में एक (01) शेयर, इकतालीस (41) शेयर और आठ (08) शेयर थे, जारी करने की तारीख 18/12/1980, 30/09/1986 और 28/08/1987 क्रमशः।
खोजकर्ता कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें। मोबाइल नंबर: 9654664076

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to public at large that my client Mrs. Nisha Aggarwal who is the owner of Entire Ground Floor, without roof rights, Built on Property Bearing Plot No. 52 area measuring 188.9 Sq. Yds. in Block-A, Property known as 52-A, Situated in Northern City Extension Scheme, Subzi Mandi, Delhi by virtue of Sale Deed dated 16.09.2021 executed by Mr. Dharam Vir as attorney of his real sister Mrs. Santosh Kumari (W/o Late Mr. Vikram Singh) who inherited the said property through Will dated 17.07.2007 after the demise of her husband Mr. Vikram Singh.
If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 15 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
Mohd Khairul Hussain (Advocate)
A-38, Kailash Colony, Khaitan & Khaitan New Delhi-48, Mob.-8810391672

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल (1) श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री सुखदेव और (2) श्री सुखदेव सुपुत्र श्री रघुवर निवासी मयान संख्या 476, गली न0–7, ए–ब्लॉक, वैशिक एंक्लेव, कुराडी, दिल्ली– 110084, ने अपने अपने पुत्र विरंजीव कुमार और उसकी पत्नी वंदना को उनके द्वारा किए गये कृत्यो, दुराचरण और दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल–अचल संपति से बेदखल कर सभी पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं और आज के बाद इन लोगो का हमारे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा तथा इन उपरोक्त लोगो पर हुये लेन देन, पुलिस केस मुकदमेबाजी आदि की जवाब देही मेरे मुव्वकिलो की नही होगी तथा इसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मनोज कुमार (अधिवक्ता) चे.न.टी–1ई, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली–110041.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरे मुव्वकिल राज कुमार बत्रा पुत्र स्व. किशन लाल बत्रा एंव श्रीमति नीतू बत्रा पत्नी श्री राज कुमार बत्रा, निवासी म.नं. सी – 256, चिन्यौट बस्ती, मुल्तानीढाडा, पहाड़गंज, नई दिल्ली– 110055 ने अपने पुत्र – साहिल बत्रा एंव इसकी पत्नी – भूमिका तुली, को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर लिये है क्योंकि वे मेरे मुव्वकिल के आज्ञाकारी नहीं रहे है और उनका व्यवहार मेरे मुव्वकिल एंव उनके परिवार के प्रति ठीक नहीं है। मेरे मुव्वकिल को उनसे खतरा है अतः भविष्य में वे अपने समस्त कार्यो व लेन–देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें, मेरे मुव्वकिल व उसके अन्य परिवारजनों का कोई लेना–देना नहीं होगा।
हस्ता./–
जी.एल. गोस्वामी
एडवोकेट

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल अजय मोहन शर्मा पुत्र के. आर. शर्मा निवासीः जी–6/127, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली–110089 ने अपने पुत्र अरिल शर्मा को गलत आचरण, दुर्व्यवहार करने तथा बात ना मानने के कारण अपने सभी पारिवारिक संबंध समाप्त कर अपनी समस्त सम्पति से बेदखल कर दिया है और भविष्य में अरिल शर्मा द्वारा किये किसी भी कृत्य/लेन देन के लिए मेरे मुवक्किल व उनके परिवार वाले जिम्मेदार नही होगें। शशी कांत (अधिवक्ता)
चेम्बर नं. डी–209, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली–110032

PUBLIC NOTICE

"My clients Shri Khushal Singh S/o late Kanwar Lal & his wife Smt. Bhagwati Devi both R/o H.No.11/4, Bhogal Road, Jangpura, S.O. South Delhi-110014 have severed all relation from their son Umesh Gautam due to his disobedient, disrespectful behavior towards my clients and their family members. My clients have disclaimed/ debarred/ disinherited him from their movable and immovable properties. My clients shall not be responsible for any kind of his acts and deeds. If any person deals with him shall do so at his/her own risks, costs and consequences."
Sd/-
(Lalit Kumar)
Advocate
Ch. No. C-96, C.L. Joseph Block
Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that my clients Shri Bhim Singh Taneja S/o Late Shri Bhagwandas and Smt. Kaushalya Taneja W/o Shri Bhim Singh Taneja, both R/o: RZG-82, Mahavir Enclave, Mandir Marg, Near Universal Public School, New Delhi-110045, have severed their relations from their Son Shri Nitin Taneja and his wife Smt. Manisha @ Divyanshi Taneja and my above clients have also disowned and disinherited both of them (Shri Nitin Taneja and his wife Smt. Manisha @ Divyanshi Taneja) from all their (my clients') movable and immovable properties. Henceforth, anybody dealing with the said Shri Nitin Taneja and his wife Smt. Manisha @ Divyanshi Taneja may do so at his/her own risk and consequences and my above said clients shall not be held liable for any of the acts, deeds and things done by their Son Shri Nitin Taneja and his wife Smt. Manisha @ Divyanshi Taneja.
Sd/-
A.N. Pandey (Advocate)
En. No.: D/918/97-R
Ch. No. 552, Lawyers' Chambers,
Dwarka Courts, New Delhi-75

PUBLIC NOTICE

BE IT KNOWN TO ALL THAT my clients Smt. Vijay rani, S/o Bheem Sen, R/o H.No. 5350, Arya Samaj Street, Near Khilona das Mandir Laddu Ghat, Pahar Ganj, Swami Ram Tirth Nagar, Delhi-110055 has disowned her son namely Umesh Kumar and his wife Karuna @ Deepa from their entire property movable and immovable due to his unsocial behavior. Whoever deals with him same shall be entirely at their own risk and consequences and my clients shall not be responsible in any manner for his acts and deeds
Sd/-
HEMANT SINGH
Advocate
Seat No. 150, P.S. Rathi Block,
Tis Hazari Courts Delhi-54

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that my client, Smt. Savitri, W/o Late Sh. Dalel Singh, R/o H. No. 340, Pana Dopalan, VPO Tikri Kalan, Delhi-110041, have disinherited and disowned her son and daughter-in-law namely Sh. Jitender and Smt. Pooja, from her all properties situated at Village Tikri Kalan, Delhi-110041 and also other movable and immovable properties as well as from the line of succession and have broken all ties with her son and her daughter-in-law. My client is neither responsible for any liabilities nor responsible for any Acts, Deeds or things done by said son and daughter-in-law or any other person (s) dealing with him or her shall be dealing so at his own risks, costs and consequences.
Sd/- **SUNITA SEVDA** (Advocate)
Ch. No. X-5-A, Civil wing,
Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that under instructions from and on behalf of my clients KAMALJEET KAUR w/o SURENDER SINGH and SURENDER SINGH s/o BHAGWAN SINGH both r/o S/221/111, KHYALA Road, Vishnu Garden, New Delhi-110018, have disowned/ debarred/ discarded their real son SATINDER SINGH @SUNNY s/o SURENDER SINGH r/o B-1/147, Vishnu Garden, New Delhi-110018 due to his misbehavior, disobedience,illegal activities from all of my client's movable and immovable assets and have also ceased all their relations in every respect with him. It is further declared that anyperson(s) whosoever deals with him shall do that entirely at his/her/their own risks,costs and responsibility and my clients shall not be responsible for dealing with him if any person do so.
J C Trikha, Advocate

PUBLIC NOTICE

Public at large is hereby informed that my client **Shri Hari Chand Saini S/o Lt. Chandu Ram Saini,** resident of House No.218-B2 Hari Nagar Ashram, Jungpura s.o, South Delhi, Delhi-110014, have severed all kind of relations and have debarred their son **Mr. Deepak Saini and his wife Anju Saini** from their all kind of movable and immovable properties due to their misbehavior, misconduct and daily violence with my other family members. My client shall not be responsible for any done acts done by them in future in any manner.
VINAY SONI (ADVOCATE)
Chamber No. G-716
Karkardooma Courts, Delhi

PUBLIC NOTICE

Be it known to general public that my client SMT. MOHINI SANDHU W/O LATE SH. SUKHWINDER SINGH R/O D-11/250- 251, TOP FLOOR, NEAR SAI BABA MANDIR, SECTOR 7, ROHINI, DELHI- 110085, is absolute legal owner and having clear title in the property bearing No. D-11/250-251, TOP FLOOR, NEAR SAI BABA MANDIR, SECTOR-7, ROHINI, DELHI- 85, in all respects.
VINEET LAKHANI (Advocate)
Delhi High Court
Ch. No. D-301, D-Block
Karkardooma Courts, Delhi
Ph. 9811109051

PUBLIC NOTICE

This is to inform the Public at large that Smt. Urmil Malhotra W/o Late Sh. Ravi Malhotra the 'Title Holder' in possession of DDA Flat No. 4-C, on First + Second Floor, Duplex in Block-N, Situated at Malviya Nagar Extn, Known as Saket, New Delhi-110017, hereinafter referred to as 'That the Original Document w.r.t. the Schedule Flat i.e 1. Allocation Letter dated Nil Year 1980, 2. Allocation cum Demand Letter dated 06.12.1980 & 3. Possession Slip dated 13.02.1981 issued by DDA in favour of Sh. Ravi Malhotra have been lost/misplaced and Information Report dated 12.04.2023 is filed with Delhi Police bearing LR. No. 337904/2023. This notice is issued to Public at Large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Bank(s), etc., having any knowledge, custody or possession of the lost/misplaced documents as mentioned above or otherwise having any claim, or objection to the sale of the Schedule Flat, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 10 days from the date of this Publication.
Rahul Mishra, Advocate
Mobile No. 7827702007

PUBLIC NOTICE

TO WHOM IT MAY BE CONCERN that my client **SHRI MOHAN SINGH BHADARI, S/O LATE SHRI PREM SINGH BHANDARI** and Smt Tulsi Bhandari W/o Sh. Mohan Singh Bhandari Both are R/O E-208 Qutub Vihar, Phase II Goyala Dairy, Najafgarh, New Delhi- 110071. Due hereby declare that they have disowned and debarred their son **NAVEEN BHANDARI** R/o House no. 53A, Street no. 9 Nangali Vihar, Najafgarh New Delhi 110043, his wife **SHOBHA BHANDARI** and their granddaughter **VAISHANVI BHANDARI** R/O flat no - 403 fourth floor, Shyam Vihar phase II, Najafgarh, New Delhi 110043 from their movable and immovable properties due to their misconduct, misbehavior, disobedient act, degrade and use filthy language towards my client. Anybody deal with them in that case my client shall not be responsible for any act and deed done by them. He/she will be responsible for that.
Sd/-
Ashok Kumar Sabharwal
Advocate
Ch. No. B-130, B.G.S. Block,
Tis Haari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

It is for the information of general public that our clients **Sh. Santosh Kumar Saraswat S/o Late Sh. Bani Singh** and **Smt. Kamlesh W/o Sh. Santosh Kumar Saraswat** both R/o E-2/104, Shastri Nagar, Delhi-110052, has disowned/ debarred their daughter-in-law namely **Smt. Durgesh Saraswat W/o Late. Sh. Deepak Saraswat** and her minor son namely master **Shivay Saraswat** from all their movable and immovable properties due to their misbehaviour, quarrelsome nature towards our clients and severed all relations with them. Our clients shall not be responsible in future for any acts and deeds of their above-named disowned daughter-in-law and grandson master Shivay Saraswat.
Sd/-
Naveen Gaur
Advocate
Seat No. 120 and 140, GaJanand Block,
Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

MY CLIENTS **KRISHNA DEVI WIFE OF LATE KAILASH BABU RESIDENT OF B-444, JWALAPURI, CAMP NO-4, DELHI**, HEREBY REMOVE HER RELATIONSHIP AND EXPEL HER SON **SANDEEP AGE 28 YRS. AND HIS WIFE GAYATRI VARMA AGE 25 YRS. BOTH ARE RESIDENT OF B-444, JWALAPURI, CAMP NO-4, DELHI**, FROM ALL HER MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES BECAUSE THEY ARE OUT OF HER CONTROL. IF ANYBODY DEALS WITH THEM, HE/SHE WILL DO SO ON HIS/HER OWN RISK.
Sd/- **VIJAY LAXMI** (ADVOCATE)
OFFICE:- C-62, CLJ
LAWYER CHAMBERS
TIS-HAZARI COURTS, DELHI-54

PUBLIC NOTICE

My client Jagdish S/o Late Sh. Amar Singh R/o H.No. RZ/39 Mangolpur Khurd Mangolpuri N Block Delhi-83 has disowned/debarred his, son Virender Singh from his all movable, immovable properties due to his bad conduct, behavior towards my client and he is not in my client's control and if any one keeps relation with him it will be on their own risk, cost and consequences and my client have no responsibility for his act, omission etc. in this regard and whereas my client hereby bequeath/declared that his all movable, immovable properties with all right shall go and devolve in favor of, his grand-son Aaryan S/o Virender Singh.
Amardeep Indora (Advocate)
Ch. No. 604, Rohini Court, Delhi-110085

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that my clients namely Mr. Yogesh Sharma S/o Mr. Ramesh Chand, And his wife Mrs. Gurmeet Sharma Both are residence of 66, Navneetam Apartment, Near N.K. Bagrodia, Public School, Rohini Sector-9, New Delhi-110085 have disowned/ debarred his/her Son Mr. Arpit Sharma and his/her daughter-in-law Mrs. Yachna from all their movable and immovable properties and severed all his/her relation with his/her as they are not in control of my clients, If anyone dealing with them may do so at his/her own risk and consequences. Henceforth my clients have no concern/relation with them in their life time.
Sd/- **Mukesh Kr. Solanki**
En. No: D/4168/2015 **Advocate**
Chamber No. 455, Lawyer Chambers, Dwarka Court Complex, New Delhi-110075

PUBLIC NOTICE

It is informed to the public at large that my clients Sh. Rakesh Kumar S/o Shri Banwari Lal, Smt. Sushila Devi W/o Shri Rakesh Kumar Both r/o I-295, JJ Camp, Tigri, New Delhi 110062 has disowned their son Vishal, his wife Sarita, their daughter Mannat from their movable and immovable properties and severed their all relations from them due to their quarrelsome nature bad behaviour. Any one dealing with them shall be doing so at their own risk and responsibility. My clients shall not be liable/responsible for any act done by them in any manner whatsoever.
Sd/- **(Ramesh Kumar)**
Advocate
Ch. No. 325, Saket Court Complex, Saket, New Delhi-17

PUBLIC NOTICE

Know all men by these presents that my client SMT. ANANDJIT KAUR W/O LATE S. SUCHA SINGH R/O II-55/6, SADAR BAZAR, DELHI CANTT, DELHI-110010 is rightful/legal owner and in possession of PROPERTY BEARING NO. C-533, AREA MEASRUING 22.5 SQ. YDS., SITUATED AT HASTSAL, J.J COLONY, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110059 whose original property papers and all other related documents has been lost/misplaced somewhere near Arjun Nagar, New Delhi on dated 13/04/2023 and lodged online FIR vide LR No. 338944/2023 dt. 13/04/2023 in the P.S. Crime Branch, Delhi.
Any person found the above lost documents then inform within one week at 184-A, Arjun Nagar, New Delhi-110029 and also contact on Mobile No. 9773547998, will be suitable rewarded. In case the above said documents misused by any person/s then he/she/they will be liable for the same.
Sd/- **H.K. BABBAR**
Advocate
DG-3/409, Vikas Puri, N.D.-18
M:- 9811674564

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Bimla Rani D/o Mulkhraj Sachdeva R/o BH-Block, 703A, Shalimar Bagh, Delhi - 110088 have lost my Original Property Documents Demand Letter, & Miscellaneous Documents issued by DDA in respect of the Property No. DDA Housing Flat, F/12/632/80, BH-Block 703A, Shalimar Bagh Delhi-110088. An NCR on this effect has been lodged vide LR No. 312681/2023 Dated 05-04- /2023. in this effect
Any person claiming any right, interest, having any objection or found the same may Write/ Contact with the above named Person / Phone No. # 8860799995 within 15 Days from the publication of this notice. **Sd/-**
R.P. Singh
(Advocate) Enrl. No. D/9718/2019
Ch. L 12-A, Tis Hazari Court, Delhi-54
 # 9810323286

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that my client AFASARI W/o LATE. IMAMUDIN, R/o T-19A, Pul Pehladpur, Badarpur, South Delhi, Delhi-110044, have severed all her relations with her sons namely FIROZ KHAN and his wife AMEENA, IDUL GAFFAR @ IDU and his wife NAZREEN and MOHD. SHAHID and his wife SHABNAM, and their children's due to their bad habits/behavior & Physical assault my above named client have also Disowned and Debarred her said sons their wives and their children's from all her movable and immovable properties. If anybody deals with them will do so at his/her/their own risk, cost and responsibilities and my client will not be responsible for any act, deed or dealing done by them with immediate effect.
RAVI KANT UPADHYAY (Advocate)
Ch. No. 486, Saket Court, New Delhi-110017

रिक्त स्थान

LBS LAW COLLEGE

Tiwariganj, Chinhat, Lucknow
Vacancy For LL.B
Principal= 01 Post
Lecturer for **LL.B** (3yrs)= **08 Post**
Lecturer for **LL.B** (5yrs)
06 Post- English, Sociology, Pol Science, Economics, History, Psycology.
Qualification Experience & Percentage as Per Lucknow University/BCI Norms. Applicant Must Apply by Post within 15 days of Advertisement.
Manager

लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष हो रहा एकजुट

मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी से मिले शरद पवार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने अगले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकजुटता के प्रयासों के बीच गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से चर्चा की तथा विपक्ष के दलों को एक मंच पर लाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

पवार ने तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसे दलों को साथ लेने पर भी जोर दिया। इस बैठक के बाद खड़गे, पवार और राहुल तीनों नेताओं ने कहा कि विपक्षी दलों को एकजुट करने की जरूरत है और सभी लोग इसको लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह बैठक खड़गे के आवास 10 राजाजी मार्ग (नयी दिल्ली) पर हुई।

खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, 'कल नीतीश और तेजस्वी ने बात की थी। सभी लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बचाने के लिए और महंगाई एवं युवाओं के लिए मिलकर काम करेंगे।' उन्होंने कहा, 'पवार साहब का कहना है कि सबसे मिलकर बात करेंगे और सब एक होने की कोशिश करेंगे। हम सब मिलकर काम करें, देशहित में काम करें।'

खड़गे ने ट्वीट किया, 'एकसाथ और मजबूत हैं। हम जनता के बेहतर, उज्ज्वल और साझा भविष्य के लिए एकजुट हैं। राहुल गांधी जी और शरद पवार जी के साथ आगे के कदमों पर चर्चा हुई।' पवार ने कहा, 'हमारी सोच भी वही है जो खड़गे ने कहा है। परंतु सिर्फ सोच से मदद नहीं मिलेगी। एक प्रक्रिया शुरू करने की जरूरत है। यह सिर्फ शुरुआत है। इसके बाद ममता बनर्जी (टीएमसी) अरविंद केजरीवाल (आप) और अन्य दलों के साथ बातचीत करनी है ताकि इस प्रक्रिया में उन्हें शामिल किया जा सके।' राहुल गांधी ने कहा, 'यह प्रक्रिया आरंभ हुई है। हम सब पार्टियां इस प्रक्रिया को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह बैठक उस समय हुई है जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर सबको एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं।

येचुरी से मिले नीतीश कुमार

नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए व्यापक विपक्षी एकजुटता सुनिश्चित करने के प्रयास के तहत गुरुवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी के साथ चर्चा की। नीतीश के साथ बैठक के बाद येचुरी ने कहा विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद गति पकड़ चुकी है। इन बैठकों में यह तय किया गया कि अधिक से अधिक विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के साथ-साथ देश के लिए 'विपक्ष का दृष्टिकोण' सामने रखा जाएगा।

एनसीईआरटी की 11वीं कक्षा की पुस्तक से मौलाना आजाद का उल्लेख हटा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 11वीं कक्षा की राजनीतिक वि

दिल्ली : कोरोना के 1,527 नए मामले, दो की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली ,13 अप्रैल

दिल्ली में कोरोना के 1,527 नए मामले आए व संक्रमण की दर 27.77 रही। दिल्ली में गुरूवार को कोरोना की चपेट में आए दो मरीजों की मौत हो गई। इसमें एक मरीज को कोरोना के अलावा अन्य बीमारियां भी थीं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से साझा बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है।

साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में कोरोना से पीड़ित दो लोगों की मौत के साथ ही इसके चपेट में आए कुल मरने वालों की संख्या 26,549 हो गई है। हालांकि, बुलेटिन में साफ किया गया है कि इसमें सभी मामले में कोरोना मृत्यु का प्राथमिक कारण नहीं था। मरीजों की दूसरी बीमारियों के इलाज के दौरान की गई कोरोना की जांच में अचानक इसकी पुष्टि हुई। बुलेटिन में कहा गया है कि नए मामलों के साथ दिल्ली में कोरोना विषाणु के संक्रमितों की संख्या बढ़कर 20,18,777 हो गई है।

बुलेटिन के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली में कोरोना के 1,821 नमूनों की जांच की गई। जबकि 231 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 139 में कोरोना की पुष्टि हो चुकी है बाकी की कोरोना रिपोर्ट आनी है। इनमें से 59 लोगों को आइसीयू की जरूरत पड़ी है जबकि आइसीयू में भर्ती कुल मरीजों में 39 मरीजों को आक्सीजन की जरूरत भी पड़ी है। जबकि 10 मरीजों का वेंटिलेटर के सहारे इलाज किया जा रहा है।

'अगले कुछ सप्ताह में चरम पर पहुंच सकते हैं कोविड के मामले'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली , 13 अप्रैल।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डा सुरेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि कोरोना विषाणु से संक्रमित एक नवजात को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगले कुछ सप्ताह में दिल्ली में कोविड के मामले चरम पर पहुंच सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बुधवार को पहली बार एक दिन में संक्रमितों की संख्या 1,000 को पार कर गई।

पिछले सात महीनों में ऐसा पहली बार हुआ। शहर में संक्रमण की दर 23.8 फीसद रही। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को कोविड के 1,149 नए मामले आए थे जबकि संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। एलएनजेपी के चिकित्सा निदेशक डा कुमार ने बातचीत के दौरान बताया कि अस्पताल में मास्क लगाना अनिवार्य है।

दो हजार बिस्तरों वाला यह अस्पताल दिल्ली सरकार के मातहत आने वाला शहर का सबसे बड़ा अस्पताल है। डा कुमार ने कहा, बच्चों का टीकाकरण नहीं हुआ है, ऐसे में हमें उनके लिए एहतियात बरतने की जरूरत है क्योंकि उनमें बुखार, खांसी-सर्दी, आंखों में संक्रमण और पेट के संक्रमण जैसे लक्षण नजर आ रहे हैं।हमारे अस्पताल में 18 दिन के नवजात को भर्ती कराया गया है और वह कोरोना से संक्रमित है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चार और बच्चे भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों और सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनना सही है, वरिष्ठ नागरिकों को भी मास्क लगाना चाहिए।

'बच्चों के लिए मास्क हानिकारक'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली , 13 अप्रैल।

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच एक जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि बच्चों के लिए मास्क अनिवार्य किया जाना अवैज्ञानिक और हानिकारक है।

उन्होंने कहा कि सही ढंग से मास्क नहीं लगाने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ सकता है और कोविड के स्थानिक बनने के कारण मास्क की सीमित भूमिका रह गई है। हालांकि, सरकार ने फिलहाल कोविड संबंधी कोई दिशानिर्देश या मास्क लगाने का आदेश नहीं दिया है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 200 निजी स्कूलों ने मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पहले ही छात्रों और कर्मचारियों के लिए मास्क अनिवार्य कर दिया है। कार्य चिकित्सा विशेषज्ञ व संक्रामक रोग विशेषज्ञ डा चंद्रकांत लहरिया ने कहा कि जब बीमारी स्थानिक होती है, तो सभी आयु समूहों व बच्चों के लिए मास्क का लाभ और भी कम हो जाता है।

फिर, हमें यह याद रखने की आवश्यकता है कि मास्क सही ढंग से नहीं लगाने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है। यदि बच्चे मास्क को छूते रहेंगे, तो यह उन्हें संक्रमण के प्रति संवेदनशील बना देगा। लहरिया ने कहा कि महामारी के दौरान भी, डब्ल्यूएचओ ने पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मास्क की सलाह नहीं दी थी।

जल्द बढ़ेगी स्कूलों में सख्ती

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

दिल्ली में तेजी से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इन मामलों पर दिल्ली सरकार नजर रखे हुए है और जल्द ही कोरोना से बचाव के लिए कुछ सख्तियां लौट सकती है। गुरुवार को दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने ये संकेत दिए हैं। आतिशि ने कहा कि जल्द ही इस बाबत दिल्ली सरकार की तरफ से दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

दिल्ली में बुधवार को पहली बार एक दिन में संक्रमितों की संख्या 1,000 को पार कर गई। पिछले सात महीनों में ऐसा पहली बार हुआ। शहर में संक्रमण की दर 23.8 फीसद रही। आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार कोरोना स्थिति की समीक्षा कर रही है और इस संबंध में सभी स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे।

बीते पांच दिनों से बीस फीसद से अधिक है दर

अप्रैल	संक्रमण दर
12	23.8
11	25.98
10	26.58
09	21.15
08	23.05

बच्चों में गंभीर संक्रमण का संकेत नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अप्रैल।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरूवार को कहा कि ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि जिससे कोरोना के ओमीक्रोन स्वरूप 'एक्सबीबी.1.16' के कारण बच्चों में गंभीर संक्रमण हो रहा है।

भारद्वाज ने कहा कि सरकार मौजूदा स्थिति पर नजर बनाए हुए है और कोरोना महामारी की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

विशेषज्ञों ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी है, जिससे यह पता चले कि कोरोना के ओमीक्रोन स्वरूप 'एक्सबीबी.1.16' के कारण बच्चों में गंभीर संक्रमण हो रहा है। मैं कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले या गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने और मास्क पहनने की सलाह दूंगा।

कर्मचारियों को मास्क पहनने कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने की सलाह

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली , 13 अप्रैल।

कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने एक परामर्श जारी कर अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए परिसर के अंदर मास्क पहनना और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना अनिवार्य कर दिया है। जारी परामर्श में कहा गया है, कार्यस्थल पर पुनः उपयोग किए जा सकने वाले कपड़े के फेस कवर/सर्जिकल मास्क का उपयोग करना चाहिए। कैंटीन या कार्यालयों में पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने से बचना चाहिए। इसमें कहा गया है कि जिन लोगों को अधिक जोखिम है, उनमें बुजुर्ग कर्मचारी, गर्भवती कर्मचारी और जो बीमारियों से ग्रसित हैं, वह लोग शामिल हैं।

आंबेडकर जयंती पर आज बंद रहेंगे सरकारी कार्यालय

क्रम सं.	कार्य का नाम एवं विवरण
1	अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पालाक्कड़ मंडल के थालासेरी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास; अनुमानित नगदी मूल्य (लाख में): 362.53; बोली प्रतिभूति राशि : रु 3,31,300/-; पूर्णता केवल माह में : आठ
2	अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पालाक्कड मंडल के पोल्लाची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास, अनुमानित मूल्य रु. (लाख में): 633.71, बोली प्रतिभूति राशि : 4,66,900/- ; पूर्णता केवल माह में : आठ
3	मंडल अभियंता/पूर्व/पालाक्कड़ क्षेत्राधिकार : पारापाननगाडी, तिरूर, कुट्टीपुरम, शोरानूर, ओट्टापलम एवं पोलाची स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत (प्लेटफार्म शेल्टर्स (सुपरस्ट्रक्चर पोर्शन मात्र) का प्रावधान : अनुमानित नगदी मूल्य (लाख में): 486.45; बोली प्रतिभूति राशि : रु. 3,93,200/-पूर्णता अवधि माह में : आठ
4	मंडल अभियंता/पश्चिम/पालाक्कड क्षेत्राधिकार : फेरोके, बाटाकारा, माहे, थालास्सेरी, कासरागोड तथा मैंग्लोर जंक्शन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत (प्लेटफार्म शेल्टर्स (सुपरस्ट्रक्चर पोर्शन मात्र) (लाख में) : 575.79, बोली प्रतिभूति राशिः रु. 4,37, 900/- पूर्णता अवधि माह में : आठ

क्रम सं. 1,2,3 एवं 4 : निविदा बंद होने की तिथि : 2.5.2023 के 15.00 बजे
1. कार्यों/वस्तुओं/सेवाओं पर सभी अनुबंध समय-समय पर लागू नये जीएसटी अधिनियम के अधीन होंगे।
2. ठेकेदारों/आपूर्तिकताओं को जीएसटी प्राधिकरणों में स्वयं का पंजीकरण कराना होगा तथा 1.7.2017 से आगे बिलों को प्रॉसेस करने के लिये जीएसटी पंजीकरण संख्या प्रस्तुत करना होगा।

उक्त निविदा के सम्पूर्ण विवरणों के लिये कृपया वेबसाइट ''http://www.ireps.gov.in.'' देखें।
टिप्पणी: वेबसाइट में बाद में अपलोड की गई किसी भी सुधार अथवा संशोधन के लिये जारी किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करने का दायित्व निविदाकारों का होगा तथा निविदा जमा करने के समय उसका ध्यान रखा जायेगा।

Follow us on : twitter.com/GMSRailway

हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 09, कम्युनिटी सेंटर, वसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली 110057,
शाखा कार्यालय : 27 कम्युनिटी सेंटर, वसन्त लोक, वसन्त विहार, नई दिल्ली-110057

सार्वजनिक सूचना (अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी)

[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत]

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के पास बंधक अचल संपत्ति की बिक्री हेतु सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जिनका कब्जा हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा ले लिया गया है, नीचे उल्लिखित कर्जदारों, सह-कर्जदारों अथवा जमानतियों से बकायों की वसूली के लिए 19 मई, 2023 (ई-नीलामी तिथि) को ''जैसा है जहां है'', ''जो है यही है'' और ''जो कुछ भी है वहीं है'' आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और जमा धरोहर राशि नीचे उल्लिखित है। सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी के डिमांड ड्राफ्ट वाले सीलबंद लिफाफे को हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी के पास 18 मई, 2023 को शाम 5 बजे तक शाखा कार्यालयः 27 कम्युनिटी सेंटर, वसन्त लोक, वसन्त विहार, नई दिल्ली-110057 में जमा करना होगा।

ऋण खाता सं.	कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/जमानती(यों)/विधिक उत्तराधिकारी/विधिक प्रतिनिधि के नाम	मांग सूचना की तिथि/ तिथि तक राशि	कब्जे का प्रकार (रचनात्मक/भौतिक कब्जे के तहत)	आरक्षित मूल्य / जमा धरोहर राशि
HHFDEL HOU2100 0014732	मोहिनी पत्नी राजेश, राजेश पुत्र राम मोहन वर्मा	26/05/2022 रु. 9,28,924/- तिथि 11/04/2023 तक	भौतिक कब्जा	रु. 7,50,000/- / रु. 75,000/-

संपत्ति का विवरणः फ्लैट सं. एसएफ-03, द्वितीय तल, एलआईजी पीछे की ओर एलएचएस, छत के अधिकार सहित, कवर्ड एरिया माप 25.64 वर्ग मीटर अर्थात 276 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर बी-164 पर निर्मित, खसरा नंबर 233, रेल विहार कॉलोनी, गांव सादुल्लाबाद, परगना और तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद-201010, सीमाएं: उत्तरः अन्य की संपत्ति, पूर्वः खुली जगह/खाली प्लॉट, दक्षिणः प्रवेश/खाली प्लॉट, पश्चिमः फ्लैट नंबर एस.एफ.-2/सड़क

HHFNSPHOU 19000004609	विकास कुमार कोमल रानी	19/09/2022 रु. 29,66,972/- तिथि 11/04/2023 तक	भौतिक कब्जा	रु. 22,00,000/- / रु. 2,20,000/-

संपत्ति का विवरणः छत/टेरेस के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल के सामने की ओर का समस्त भाग, निर्मित संपत्ति संख्या 181, खसरा संख्या 105/11 में से, गांव पालम, दिल्ली के राजस्व एस्टेट में स्थित, कॉलोनी विश्वास पार्क, ब्लॉक-ई, भूमि के आनुपातिक अधिकारों के साथ और बिक्री विलेख में उल्लिखित अन्य सुविधाओं के साथ। क्षेत्रफल माप 60 वर्ग गज अर्थात 50.16 वर्ग मीटर। सीमाएं : पूर्व-अन्य संपत्ति; उत्तर - सड़क 18 फीट; पश्चिम - अन्य संपत्ति; दक्षिण-संपत्ति का भाग।

नियम एवं शर्तें : -नीलामी पोर्टल **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से 19 मई, 2023 (ई-नीलामी की तिथि) को 2.00 बजे अप. के बाद 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ सम्पन्न होगी। (1) निर्धारित निविदा /संविदा प्रपत्र और बिक्री के नियम तथा शर्तें शाखा कार्यालयः 27 कम्युनिटी सेंटर, वसन्त लोक, वसन्त विहार, नई दिल्ली-110057 पर किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच उपलब्ध होंगी। (2) अचल संपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। (3) बोली वृद्धि राशि 10,000/- (रुपये दस हजार मात्र) होगी। (4) उपरोक्त संपत्ति की खरीद के लिए जमा की गई सभी बोली/निविदाओं के साथ ''हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'' के पक्ष में दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ऊपर वर्णित जमा धरोहर राशि संलग्न होनी चाहिए। नीलामी के बाद असफल बोलीदाताओं को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जाएंगे। (5) उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता के रूप में घोषित किया जाएगा, बशर्ते कि वह कानूनी रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और बशर्ते कि बोली की राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। जब प्रस्तावित कीमत इतनी स्पष्ट रूप से अपर्याप्त हो कि ऐसा करना अनुचित हो तो प्राधिकृत अधिकारी अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार/स्वीकार कर सकता है। (6) संभावित बोलीदाता पूर्व अनुमति के साथ 10 मई, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे अप. के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं। (7) सफल बोलीदाता के रूप में घोषित व्यक्ति, घोषणा के तुरंत बाद, खरीद राशि/उच्चतम बोली की राशि का 25% जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी, प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के भीतर जमा करेगा और ऐसी जमा राशि में चूक करने पर, संपत्ति को निजी संधि द्वारा तत्काल नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) यदि प्रारंभिक जमा उपरोक्त के रूप में किया जाता है, तो क्रेता द्वारा देय शेष राशि का भुगतान क्रेता द्वारा अधिकृत अधिकारी को संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15वें दिन या उससे पहले और यदि 15वें दिन रविवार या अन्य अवकाश हो, तो 15वें दिन के बाद पहले कार्यालय दिवस पर जमा करना होगा। ((9) उपरोक्त वर्णित अवधि के भीतर किसी भी भुगतान में चूक की स्थिति में, संपत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा राशि हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता खरीदार का संपत्ति पर कोई दावा नहीं होगा। (10) उपरोक्त बिक्री हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अंतिम अनुमोदन के अधीन होगी। (11) हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के संज्ञान में ज्ञात ऋणभारों, यदि कोई हो, का विवरण जिसके लिए सम्पत्ति उत्तरदायी है : ज्ञात नहीं। दावा, यदि कोई, जो सम्पत्ति पर किया गया हो या इसकी प्रकृति तथा मूल्य का कोई अन्य विवरण : ज्ञात नहीं। (12) इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि वे संबंधित विभागों / कार्यालयों से वैधानिक और अन्य देय जैसे बिक्री/संपत्ति कर, बिजली बकाया, और सोसायटी बकाया का सत्यापन/पुष्टि कर लें। यह कंपनी संपत्ति पर किसी भी देय राशि के भुगतान की कोई जिम्मेदारी नहीं लेती है। (13) 1% का टीडीएस, यदि कोई हो, उच्चतम बोलीदाता द्वारा उच्चतम घोषित बोली राशि के अतिरिक्त देय होगा। भुगतान को उच्चतम बोलीदाता द्वारा कंपनी के पैन में जमा करना होगा और चालान की प्रति कंपनी को जमा करनी होगी। (14) यह बिक्री पूरी तरह से इस विज्ञापन में शामिल नियमों और शर्तों तथा निर्धारित निविदा फॉर्म के अधीन है। (15) सफल बोलीदाता/क्रेता को कानून के अनुसार लागू बिक्री प्रमाण पत्र को पंजीकृत कराने के लिए सभी स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क और आकस्मिक खर्च वहन करना होगा। (16) प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या निविदा को स्थगित / आस्थगित / रद्द करने और बिना किसी पूर्व सूचना के इस बिक्री के किसी भी नियम और शर्तों को संशोधित करने का पूर्ण अधिकार है। (17) इच्छुक बोलीदाता श्री राज मिश्रा से मो. नं. 9971808985 पर कार्यालय समय के दौरान (सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक) संपर्क कर सकते हैं या सम्पत्ति/कर्जदार का खाता नं. का उल्लेख करते हुए **asset-disposal@herohfl.com** पर समन्वय/मेल करें। (18) किसी अन्य विवरण या ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर), ई-मेल आईडी : **support@auctiontiger.net** से सम्पर्क कर सकते हैं।

कर्जदार/जमानती/बंधककर्ता को 30 दिनों की बिक्री सूचना

उपर्युक्त कर्जदार/बंधककर्ता/जमानती को एतद्द्वारा धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले ब्याज और व्यय के साथ करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई भी, आपसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) की वेबसाइट वेबसाइट **www.herohousingfinance.com** पर लिंक **https://uat.herohomefinance.in/hero_housing/other-notice** देखें।

दिनांकः 14 अप्रैल, 2023
स्थानः दिल्ली/रा.रा.क्षे.

कृते हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
अधिकृत प्राधिकारी श्री सुनील यादव, मो. 9818840495
ई-मेल : assetdisposal@herohfl.com

दक्षिण रेलवे

स्टोर संख्या ई– 07/2023 की आपूर्ति के लिए
ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित ई–निविदाएँ आईआरईपीएस वेबसाइट में प्रकाशित की गई हैं। फर्मों से अनुरोध है कि वे **http://www.ireps.gov.in & लॉगिन›ई. टेंडर–गुड्स एंड सर्विसेज (नई)** पर लॉग इन करें और इन टेंडरों के लिए बोली लगाएं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी निविदाओं के बंद होने का समय 14:30 घंटे है।

क्रं. सं.	निविदा संख्या	विवरण	नियत तिथि
1	03225107B	सीएमएस 60 केजी 1 आईएन 8.5	17/04/2023
2	03225124B	11200 मिमी ओवर राइडिंग स्विच	17/04/2023
3	11231041	एलईडी लाइट फिटिंग	17/04/2023
4	78235386	एडॉप्टर वाइड जॉ	19/04/2023
5	03225115B	मेटल लाइनर	21/04/2023
6	26231063	एक्सल बॉक्स बियरिंग	21/04/2023
7	11220369	सिंगल कोर ई–बीम किरणित केबल	21/04/2023
8	15230189A	प्योर आयरन फ्लैटस	24/04/2023
9	15230188A	प्योर आयरन फ्लैटस	24/04/2023
10	68235605	शिम कॉइल स्प्रिंग	24/04/2023
11	03225127A	10125 मिमी ओवर राइडिंग स्विच	25/04/2023
12	11235002A	डिजाइन, भारी शुल्क यात्री लिफ्ट का निर्माण	25/04/2023
13	15230024	लो मेंटेनेंस लेड एसिड	25/04/2023
14	03225123A	नव विकसित उन्नत स्विच	25/04/2023
15	26232059	एब्यूमेंट पीस	25/04/2023
16	78215015	बोगी फ्रेम	27/04/2023
17	03225122A	नव विकसित उन्नत स्विच	28/04/2023
18	03225145A	6400 मिमी ओवर राइडिंग स्विच	28/04/2023
19	15220177C	पॉलीकार्बोनेट मोल्डिंग पाउडर	28/04/2023
20	53235104	ऑप्टिकल बायोमीटर	28/04/2023
21	78235535	पाइप थ्रेडिंग मशीन	28/04/2023
22	90235644	स्वचालित ट्विस्ट लॉक	28/04/2023
23	90235314	मास्ट–टी–150	28/04/2023
24	68235571	बुशिंग ट्रैक्शन रॉड	28/04/2023
25	04230959	लेटरल बंप स्टॉप	02/05/2023
26	78235550	10 इंच ब्रेक सिलेंडर	04/05/2023
27	44230595	किट लगातार संपर्क के लिए	05/05/2023
28	78235428	कास्ट स्टील बोल्स्टर	05/05/2023
29	44230516	गैर एस्बेस्टस "एल" टाइप	08/05/2023
30	78235531	1) ऑटोमेटेड बियरिंग 2) ऑटोमेटेड एक्सल एंड	08/05/2023
31	68235385	रिंग पिस्टन, बियरिंग आदि	09/05/2023
32	68235493	कनेक्टिंग रॉड, पाइपिंग ग्रुप, सिलेंडर	09/05/2023
33	68235496	वाटर पाइपिंग असेंबली, पिस्टन के लिए पुर्जों का सेट	10/05/2023
34	68235606	क्रैंकशाफ्ट असेंबली, सिलेंडर	10/05/2023
35	78235081A	60 केवीए का ट्रांसफार्मर	10/05/2023
36	78235551	4.5 किलोवाट अंडर स्लंग कांस्टेंट वोल्टेज	10/05/2023
37	82235053	मेन एलईडी सिग्नल	10/05/2023
38	82235002A	रिमोट टर्मिनल यूनिट की आपूर्ति	10/05/2023
39	68235555	कम रखरखाव वाली लीड एसिड बैटरी	11/05/2023
40	52225649B	जर्नल बियरिंग असेंबली	11/05/2023
41	78227103A	हूपर डोर	11/05/2023

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

Follow us on : twitter.com/GMSRailway

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट 809–815, 8वीं मंजिल, टॉवर–ए, एएमएएआर डिजिटल ग्रीन्स, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर–61, गुरुग्राम–122002 (हरियाणा) सीआईएनः U65922HR2016PTC057984

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अधीन
निजी संधि द्वारा अचल संपत्ति की बिक्री हेतु कर्जदार को सूचना

अमित कुमार पुत्र लल्लन यादव (उधारकर्ता), लल्लन सिंह पुत्र सिपाही सिंह (सह–उधारकर्ता), आशा देवी पत्नी लल्लन सिंह (सह–उधारकर्ता)। उपरोक्त सभी का निवास स्थान : मकान नं. 1062/सी, चित्रकूट कॉलोनी, अर्थला, गली नंबर 4, मोहन नगर, गाजियाबाद– यूपी 201007
विजय शंकर पुत्र माहेश्वरी दीन (सह कर्जदार) निवासी : मोहन नगर, चित्रकूट कॉलोनी, अर्थला, गाजियाबाद–उ.प्र. 201007

चित्रकूट कॉलोनी, अर्थला, मोहन नगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश – 201007, प्लॉट एरिया 50 वर्ग गज (लैंड मार्क–विजय पब्लिक स्कूल) में स्थित संपत्ति सुरक्षित / गिरवी अचल संपत्ति वाली ख.सं.1012 के संबंध में आपका लोन एग्रीमेंट सं .LXLAX02017-180000421,

हम सार्वजनिक नीलामी नोटिस दिनांक 26.09.2022 द्वारा हमारी शीर्षक वाली बिक्री का उल्लेख करते हैं, आपको यह सूचित करना उचित है कि उक्त नीलामी वित्तीय संस्थान द्वारा "किसी भी व्यक्ति द्वारा बोली न लगाने " के कारण विफल/असफल रही है । बिक्री नोटिस के उक्त प्रकाशन के अनुसार, अब एक इच्छित खरीदार ने वित्तीय संस्थान से संपर्क किया है और नीचे दी गई अनुसूची संपत्ति के अनुसार सुरक्षित संपत्ति खरीदने की पेशकश की है, इसलिए वित्तीय संस्थान इसके द्वारा सूचित, जानकारी , 15 दिनों का नोटिस दें रहा है(जैसा कि दूसरी/बाद की बिक्री किया जा रहा है) और 23.09.2022 के अनुसार देय राशि/बकाया राशि यानी रु.11,48,065/– के साथ 24.09.2022 से प्रति वर्ष अतिरिक्त ब्याज के साथ, हमारे पिछले बिक्री नोटिस में मांगे गए शुल्कों को 15 दिनों की अवधि के भीतर चुकाने के लिए आपसे अनुरोध करते हैं। यदि उपरोक्त देय राशि/बकाया राशि को चुकाने में विफल होने पर, सुरक्षित संपत्ति निजी संधि (जैसा है जहां है और जो कुछ भी है आधार पर और मौजूदा ऋणभारों के साथ, यदि कोई हो के अनुसार प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 6(डी) के प्रावधान के तहत निर्धारित अनुसार)के माध्यम से उल्लेखित/प्रस्तावित खरीदार को बेची जाएगी कृपया ध्यान दें:– किसी भी कमी के मामले में (उपरोक्त बिक्री की कार्यवाही के समायोजन के बाद) सरफेसी अधिनियम 2002 के अनुसार आप प्राप्तकर्ताओं से वह धनराशि वसूल की जाएगी ।

प्राधिकृत अधिकारी, उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा.लि.
स्थान : गुरुग्राम, हरियाणा, दिनांक : 14.04.2023 **गौरव त्रिपाठी फ़ोनः 9811329550**

दक्षिण रेलवे

पालाक्कड़ मंडल

ई-निविदा सूचना सं. पीजी टी/ओटी/13/2023 तिथि 8.4.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय/दक्षिण रेलवे/पालाक्कड़ द्वारा निम्न कार्यों के लिये ई-निविदा आमंत्रित है

क्रम सं.	कार्य का नाम एवं विवरण
1	अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पालाक्कड़ मंडल के मंगलोर जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकासः अनुमानित नगदी मूल्य (लाख में): 718.23 ; बोली प्रतिभूति राशि : रु. 5,08,100; पूर्ण अवधि माह में : आठ
2	अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पालाक्कड़ मंडल के शोरानूर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास, अनुमानित मूल्य रु. (लाख में) : 896.07, बोली प्रतिभूति राशि : रु. 5,98,000/-पूर्ण अवधि माह में : आठ

क्रम सं. 1 : निविदा बंद होने की तिथिः 03.05.2023 के 15.00 मे
1. कार्यों/वस्तुओं/सेवाओं पर सभी अनुबंध समय-समय पर लागू नये जीएसटी अधिनियम के अधीन होंगे।
2. ठेकेदारों/आपूर्तिकताओं को जीएसटी प्राधिकरणों में स्वयं का पंजीकरण कराना होगा तथा 1.7.2017 में आगे बिलों को प्रॉसेस करने के लिये जीएसटी पंजीकरण संख्या प्रस्तुत करना होगा।

उक्त निविदा के सम्पूर्ण विवरणों के लिये कृपया वेबसाइट ''http://www.ireps.gov.in'' देखें।
टिप्पणी : बेबसाइट में बाद में अपलोड की गई किसी भी सुधार अथवा संशोधन के लिये जारी किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करने का दायित्व निविदाकारों का होगा तथम निविदा जमा करने के समय उसका ध्यान रखा जायेगा।

Follow us on : twitter.com/GMSRailway

डीसीबी बैंक लिमिटेड
ए-सेट हाउस, 7/56, देशबन्धु गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

DCB BANK

ई-नीलामी बिक्री सूचना
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्वारा जनसामान्य को एवं विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह-कर्जदारों तथा जमानतियों को अधिकृत प्राधिकारी द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोलिखित सम्पत्ति डीसीबी बैंक लिमिटेड के पास बंधक है। बैंक के अधिकृत प्राधिकारी ने
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत भौतिक कब्जा कर लिया है। निम्नलिखित विवरणों के अनुसार निम्नलिखित बकायों तथा भावी ब्याज, प्रभारों एवं लागत आदि की वसूली के लिए नीचे वर्णित के अनुसार निविदा सह सार्वजनिक नीलामी द्वारा सम्पत्ति की बिक्री की जायेगी : सम्पत्ति की बिक्

जनसत्ता

14 अप्रैल, 2023

सुरक्षा में सेंध

बठिंडा सैन्य ठिकाने में हुई गोलीबारी और उसके बाद एक संतरी की कथित खुदकुशी को लेकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। यह देश के सबसे बड़े सैन्य ठिकानों में से एक है। यह इसलिए भी संवेदनशील है कि बिल्कुल पाकिस्तान की सीमा से लगा है और यहां तैनात सैनिक सदा अभियान के लिए तैयार रखे जाते हैं। जाहिर है, वहां सुरक्षा को लेकर खासी चौकसी बरती जाती है। ऐसे में अगर दो अज्ञात लोग उस सैन्य ठिकाने के भीतर घुस कर सो रहे चार जवानों को गोलियों से भून डालते हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। हालांकि अभी तक घटना की असली वजह ठीक-ठीक पता नहीं चल सकी है, मगर अधिकारियों का कहना है कि सैनिकों की आपसी रंजिश के चलते यह घटना घटी। घटना से दो दिन पहले एक इंसास राइफल और अट्ठाईस कारतूस चोरी चले गए थे। इस घटना में उसी राइफल के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वह चोरी गई राइफल घटना के बाद बरामद कर ली गई है। इस घटना की असल वजह जांच के बाद पता चल जाएगी, मगर वहां की सुरक्षा से जुड़े सवाल शायद अनुत्तरित ही रहेंगे। इस घटना के अगले ही दिन एक संतरी की सिर में गोली लगने से मौत हो गई, जिसे खुदकुशी बताया जा रहा है।

दोनों घटनाओं के आपस में जुड़े होने से इनकार किया जा रहा है, मगर कथित खुदकुशी की घटना भी संदेह और सवालों से परे नहीं है। सैन्य छावनियों में बाहरी लोगों का प्रवेश आसान नहीं होता। पुख्ता जांच के बाद ही वे प्रवेश कर सकते हैं, इसलिए इस तर्क को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि चार जवानों की हत्या करने वाले सेना के भीतर के ही लोग थे। मगर यह समझना थोड़ा कठिन है कि वे कैसे नकाब पहन कर आए और वारदात को अंजाम देने के बाद बड़ी आसानी से निकल भागे। छावनियों में सेना की टुकड़ियां किसी वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में रहती हैं। जगह-जगह आंतरिक सुरक्षा के इंतजाम होते हैं। निगरानी चौकियां बनी होती हैं। बठिंडा में इसे लेकर अधिक ही चौकसी की उम्मीद की जाती है। फिर कैसे दो नकाबपोश राइफल और कुल्हाड़ी लेकर भोजनालय वाले इलाके में पहुंचे और चार जवानों को मारने में कामयाब रहे। कैसे उन पर सुरक्षा में तैनात किसी सिपाही की नजर नहीं पड़ी या फिर जब गोलियां चलीं, तब भी कोई सक्रिय क्यों नहीं हुआ।

इस घटना को मामूली चूक या आपसी वैमनस्य बता कर हल्के में नहीं लिया जा सकता। अगर कुछ सैनिकों की आपस में रंजिश थी, तो उसके बारे में उनके अधिकारियों को जानकारी कैसे नहीं थी। फिर उन लोगों की पहचान करने और उन्हें तलाशने में इतना वक्त कैसे लगा। यह घटना बड़े शातिराना ढंग से अंजाम दी गई। ऐसे लोग सेना के लिए किसी भी रूप में उचित नहीं माने जा सकते। सिपाहियों के बीच ऐसी आपसी रंजिश, जो खूंरेजी तक पहुंच जाए, सेना के अनुशासन पर सवाल खड़े करती है। फिर उस संतरी की मानसिक स्थिति का अंदाजा कैसे नहीं लगाया जा सका, जिसने पहरा देते हुए खुद को गोली मार ली। इन दोनों घटनाओं से यही रेखांकित हुआ है कि बठिंडा सैन्य ठिकाने में सब कुछ ठीक नहीं है। फिर यह भी कि सैनिकों की मानसिक स्थिति का आकलन करने के लिए जो सुझाव दिए गए थे, उनका सही ढंग से पालन नहीं हो रहा।

चौकसी और चुप्पी

उमेश पाल हत्याकांड में जिस तरह उत्तर प्रदेश पुलिस ने सक्रियता दिखाई है, निस्संदेह उससे अपराधियों पर मानसिक दबाव बना है। फरवरी में उमेश पाल की दिन दहाड़े घेर कर हत्या कर दी गई थी। वे अपने बहनोई और विधायक राजूपाल की हत्या के एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी थे। राजूपाल की हत्या में माफिया अतीक अहमद का हाथ बताया गया था। फिर उमेश पाल की हत्या में भी अतीक के ही लोग देखे गए थे। उनमें खुद अतीक अहमद का बेटा भी शामिल था। इस हत्याकांड में शामिल दो बदमाश पहले ही मुठभेड़ में मारे जा चुके थे। अब अतीक अहमद का बेटा और उसका एक साथी बदमाश भी मुठभेड़ में मार गिराए गए हैं। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। उमेशपाल की हत्या के बाद ये दोनों विभिन्न शहरों में छिपते फिर रहे थे। इसी क्रम में वे दिल्ली भी पहुंचे थे। दिल्ली पुलिस ने इन्हें पनाह देने वाले कुछ हथियार तस्करों को पकड़ा और उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस दल को सौंप दिया था। उनसे पूछताछ के आधार पर ही उत्तर प्रदेश पुलिस इन दोनों बदमाशों तक पहुंची थी। स्वाभाविक ही उमेशपाल हत्याकांड से जुड़े बदमाशों के इस तरह मुठभेड़ों में मारे जाने से उत्तर प्रदेश में सक्रिय दूसरे संगठित अपराधियों को कड़ा सबक मिला है।

पुलिस अगर अपराधियों पर शिकंजा कसने में संजीदगी दिखाए, तो सचमुच अपराधमुक्त समाज बनाया जा सकता है। मगर हकीकत यह है कि हर सरकार अपराधमुक्त समाज बनाने का दम तो भरती है, मगर हर बार कुछ नए किस्म के अपराधी भी पनपते देखे जाते हैं। अतीक अहमद का इतिहास किसी से छिपा नहीं है। पिछले दिनों उसके अलग-अलग ठिकानों पर पड़े छापों से जो नगदी और बेनामी संपत्ति के कागजात जब्त हुए, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसने अपने बाहुबल से किस तरह कानून-व्यवस्था को पंगु बना रखा था। फिलहाल वह जेल में है और उसके खिलाफ अदालत में सुनवाई चल रही है, मगर इससे पहले वह किस तरह न सिर्फ बेखौफ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी दबाव बनाए हुए था। अतीक अहमद के गुनाहों और उसकी दबंगई से पुलिस भी अनजान नहीं थी, मगर वह बेखौफ विचरता रहा, तो इसलिए कि उसे राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ था। वह खुद भी राजनीति में प्रवेश कर चुका था। अतीक अकेला ऐसा माफिया नहीं है, ऐसे अनेक बाहुबली हैं, जो राजनीतिक संरक्षण में संगठित अपराध करते रहे हैं।

अच्छी बात है कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने के अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए राजनीतिक संरक्षण में अपराध कर रहे बाहुबलियों पर शिकंजा कसना शुरू किया और उसी के फलस्वरूप उमेशपाल हत्याकांड में शामिल बदमाशों के मारे जाने की यह ताजा घटना हुई। मगर यह सवाल फिर भी बना हुआ है कि आखिर राजनीतिक दल ऐसे अपराधियों से दूरी बनाना कब शुरू करेंगे। जब तक राजनीतिक दलों में आपराधिक वृत्ति के लोगों की पैठ नहीं रुकेगी, ऐसे बदमाश पनपते ही रहेंगे। ऐसा नहीं हो सकता कि विपक्षी खेमे के बदमाशों को लेकर चौकसी बरती जाए और अपने करीबियों को लेकर चुप्पी। यह अकारण नहीं है कि हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद सदन में पहुंचने वाले प्रतिनिधियों में आपराधिक पृष्ठभूमि के सदस्यों की संख्या कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। जब तक राजनीतिक संरक्षण मिलता रहेगा, न तो इस तरह की राजनीतिक हत्याओं का सिलसिला रुकेगा और न पूरी तरह अपराधियों पर लगाम लगाना संभव हो सकेगा।

कल्पमेधा

शिक्षा प्राप्त करने के तीन आधार-स्तंभ हैं- अधिक निरीक्षण करना, अधिक अनुभव करना और अधिक अध्ययन करना।

– केथराल

बदलते वक्त में प्राकृतिक खेती की जरूरत

नृपेंद्र अभिषेक नृप

उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुश्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

कृषि में बढ़ते रासायनिक खादों और दवाओं के उपयोग से फसलों और फिर इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। प्राकृतिक खेती एक रासायनिक खाद मुक्त यानी पारंपरिक कृषि पद्धति है। इसे कृषि-पारिस्थितिकी आधारित विविध कृषि प्रणाली माना जाता है, जो जैव विविधता के साथ फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती है। सरकार ने देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति यानी बीपीकेपी को प्रश्रय देकर राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरुआत की है, ताकि किसान खेतों में रासायनिक खादों का उपयोग कम कर सकें।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत पंद्रह हजार क्लस्टर यानी समूह विकसित करके साढ़े सात लाख हेक्टेयर क्षेत्र को इसकी परिधि में लाया जाएगा। प्राकृतिक खेती शुरू करने के इच्छुक किसानों को क्लस्टर सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और इसके साथ ही प्रत्येक क्लस्टर में पचास हेक्टेयर भूमि के साथ पचास या उससे अधिक किसानों को शामिल किया जाएगा। क्लस्टर एक गांव भी हो सकता है और उसमें दो-तीन आसपास के गांवों को भी शामिल किया जा सकता है।

इस मिशन के तहत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए तीन वर्ष तक प्रति वर्ष पंद्रह हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की वित्तीय सहायता मिलेगी। इस वित्त पोषण में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि किसान प्राकृतिक खेती के लिए प्रतिबद्ध हों। अगर कोई किसान प्राकृतिक खेती का उपयोग नहीं करता है, तो उसे बाद की किस्तों का भुगतान नहीं किया जाएगा। इन सबके अलावा, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्रियान्वयन ढांचे, संसाधनों, क्रियान्वयन की प्रगति, किसान पंजीकरण, ब्लाग आदि की जानकारी प्रदान करने वाला एक वेब पोर्टल भी शुरू किया गया है।

देश में गैर-रासायनिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए खरीद पर भले जोर दिया जा रहा हो, पर हकीकत में सारे प्रयास अभी तक आधे-अधूरे हैं। सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसमें अभी तक कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है। उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुष्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

दुनिया की बढ़ती जनसंख्या एक गंभीर समस्या है। लोगों को भोजन की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा अधिक से अधिक उत्पादन करने के लिए तरह-तरह के रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग, प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र यानी 'इकोलाजी सिस्टम' को प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता और मानव स्वास्थ्य में गिरावट आती है।

भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है और यह बड़ी आबादी की आय का मुख्य साधन भी है। हरित क्रांति के समय बढ़ती जनसंख्या और आय के मद्देनजर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया। तब अधिक उत्पादन के लिए खेती में अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग पर जोर दिया गया। अब इसकी वजह से सीमांत और छोटे किसानों के पास कम जोत में अत्यधिक लागत आ रही है और जल, भूमि, वायु प्रदूषित हो रहा है, खाद्य पदार्थ भी जहरीले हो रहे हैं। इसलिए इन सभी समस्याओं से निपटने के लिए प्राकृतिक कृषि पर सरकार बल दे रही है।

प्राकृतिक खेती एक अनूठा माडल है, जो कृषि-पारिस्थितिकी पर निर्भर है। इसका उद्देश्य उत्पादन की लागत को कम करना और सतत कृषि को बढ़ावा देना है। प्राकृतिक खेती मिट्टी की सतह पर सूक्ष्म जीवों और केंचुओं द्वारा कार्बनिक पदार्थों के विखंडन को प्रोत्साहित करती और धीरे-धीरे मिट्टी में पोषक तत्त्वों को जोड़ती है। हालांकि, जैविक खेती में जैविक खाद, वर्मी-कंपोस्ट और गाय के गोबर की खाद का उपयोग किया जाता है तथा इन्हें जोते हुए खेत में प्रयोग किया जाता है।

भारत सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राकृतिक कृषि क्षेत्र अब 4.09 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इस कार्य के लिए आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित आठ राज्यों में 49.81 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। भारत में वर्तमान में शून्य बजट प्राकृतिक कृषि पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत प्राकृतिक खेती के तरीकों का एक समूह तथा एक जमीनी किसान आंदोलन तैयार हो रहा है, जो भारत के विभिन्न राज्यों में फैल रहा है। शून्य बजट प्राकृतिक कृषि एक ऐसी पद्धति है, जो लागत कम करने के साथ ही जलवायु पर निर्भर कृषि तथा किसानों को स्थानीय संसाधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती और कृत्रिम उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को समाप्त करती है। इस तरह मृदा स्वास्थ्य और मानव स्वास्थ्य को नुकसान से बचाती है।

शून्य बजट प्राकृतिक खेती, एक अनूठा तरीका है, जिसमें बाजार से बीज, उर्वरक और पौधों के संरक्षण, रसायनों जैसे महत्त्वपूर्ण उपादानों की खरीद के लिए कोई मौद्रिक निवेश करने की आवश्यकता नहीं होती है। यह व्यापक, प्राकृतिक और आध्यात्मिक कृषि प्रणाली है। किसान उर्वरकों और कीटनाशकों के बिना फसल की स्थानीय किस्मों को उगा सकते हैं। चूंकि यह शून्य बजट खेती है, इसलिए इसमें किसी संस्थागत ऋण की आवश्यकता नहीं होगी और मानव श्रम पर निर्भरता भी कम से कम हो जाएगी। शून्य बजट प्राकृतिक खेती विभिन्न कृषि सिद्धांतों के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता में सुधार लाने की एक कारगर पद्धति है।

प्राकृतिक खेती कई अन्य लाभों, जैसे कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य की बहाली, और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन का शमन या उनमें कमी लाते हुए किसानों की आय बढ़ाने का मजबूत आधार प्रदान करती है। यह प्राकृतिक या पारिस्थितिकीय प्रक्रियाओं, जो खेतों में या उसके आसपास मौजूद होती हैं, पर आधारित होती है। किसानों की आमदनी दोगुना करने के साथ ही अनाज का उत्पादन भी वर्तमान की तुलना में दोगुना करने के सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य खेती की इसी विधि से हासिल किए जा सकते हैं। यही नहीं, शून्य बजट प्राकृतिक खेती के तहत जो फसल उगाई जाती है उसकी पैदावार भी काफी अच्छी होती है।

'भारत में आर्गेनिक और प्राकृतिक खेती से संपूर्ण लाभ के प्रमाण' नामक रिपोर्ट प्राकृतिक खेती के दृष्टिकोण और फायदे के बारे में सबूतों के आधार पर बताती है कि गैर-रासायनिक खेती को व्यापक विस्तार दिया जा सकता है। यह रिपोर्ट भविष्य की नीतियों के लिए एक स्पष्ट रास्ता दिखाती है कि सिर्फ पैदावार के बजाय जैविक या प्राकृतिक खेती के विभिन्न फायदों को समग्रता से देखा जाना चाहिए। वैज्ञानिक समुदाय और नीति निर्माता इन तथ्यों पर ध्यान देंगे और गैर-रासायनिक खेती को प्रोत्साहित करेंगे। 2014-19 के बीच 504 बार दर्ज पैदावार के परिणाम बताते हैं कि प्राकृतिक खेती के जरिए उच्चतम पैदावार इकतालीस फीसद, आंशिक रसायन आधारित एकीकृत खेती में पैदावार तैंतीस फीसद और रासायनिक खेती में महज छब्बीस फीसदी पैदावार रही। इन सबके अलावा एक अच्छी बात यह है भी कि इस बार के आम बजट में रासायनिक खेती की जगह प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है। इसमें राज्यों को भी प्रोत्साहित करने की बात कही है, ताकि वे अपने कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम को नए सिरे से प्राकृतिक खेती के आधार पर तैयार कर सकें। समय की मांग है कि इस दिशा में और बड़े कदम उठाए जाने चाहिए।

भाव संप्रेषण की कला

अनिता वर्मा

दुनिया मेरे आगे

अपने भावों को दूसरे तक सही रूप में पहुंचाना ही संप्रेषण कला है। आज अधिकांश रिश्तों में दरार, टूटन, अनबोला होना, सब कुछ इसी कला की अपूर्णता से हो रहा है। बहस, तकरार, शब्द बाण, व्यंग्य बाण, सब कुछ इस कला के अभाव में सामने आते हैं। कई बार हम जो कहना चाहते हैं, उस भाव की मूल संवेदना सामने वाले तक संप्रेषित नहीं हो पाती और वक्ता की बात का श्रोता अपने हिसाब से अर्थ लगा लेता है। मूल बात का स्वरूप कई बार विकृत हो जाता है। अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। 'मेरा मतलब यह नहीं था... मैंने यह कहना चाहा था... आप शायद गलत समझ गए..!' इस प्रकार संवाद होता रहता है। सामान्य बहस क्रोध में बदल जाती है। कई बार बातचीत बंद हो जाती है और रिश्तों की मिठास में अजीब-सी कड़वाहट घुल जाती है।

अलंकारों में वक्रोक्ति अलंकार में वक्ता की बात का श्रोता जब अपने अनुसार अर्थ निकाल ले तो कई बार भाव संप्रेषण सही नहीं हो पाता। यह हो सकता है वक्ता ने तो बात अपनी दृष्टि से सही कही हो, पर सामने वाला कई बार उस बात को अनेक संदर्भों और अर्थों के साथ ग्रहण कर लेता है। प्रत्यक्ष रूप में तो सब ठीक रहता है, पर जहां संवाद फोन पर है, तो कई बार बात कहने का लहजा, सुनने और बोलने वाले की मनःस्थिति सब का महत्त्व होता है। भाव संप्रेषण सही रूप में श्रोता तक पहुंचना जरूरी होता है। कई बार पता ही नहीं चलता कि कही गई बात का श्रोता पर क्या प्रभाव पड़ा, क्योंकि फोन पर चेहरे के भाव उसके उतार-चढ़ाव दिखाई नहीं देते और कहनेवाला भाव पढ़ नहीं पाता। सही बात और सही भावना से प्रस्तुत विचार और कथन भी कभी गलत रूप में समझने, उसका गलत भाव ग्रहण करने पर आपस में गलतफहमी पैदा हो जाती है। बात कहने वाले को पता ही नहीं चल पाता कि आखिर हुआ क्या! क्या गलत कह दिया! हां, कटु शब्दावली का प्रयोग जरूर आहत करता है। लेकिन सरलमना व्यक्ति कई बार जो भाव प्रकट करना चाहता है, जो समझाना चाहता है या कहें अपना पक्ष रखना चाहता है, पर कई बार शब्द सामर्थ्य के अभाव में वह कसूरवार सिद्ध हो जाता है। जबकि वह अपनी जगह सही होता है। यहां बात सही रूप में भावों के संप्रेषण की हो रही है जो उसे नहीं आती।

कहने को यह सामान्य-सी बात है और दो लोगों में जब संवाद होता है, उसमें किसी एक की जब असहमति होती है तो वह सही बात को भी समझने को तैयार नहीं होता और हमेशा की तरह बात इस वाक्य पर आकर समाप्त होती है कि 'तुम्हें बात करने का ढंग नहीं है'। बस अंतिम निर्णयात्मक वाक्य जो हमेशा के लिए उस व्यक्ति को उस बात की तकलीफ देता है, जो उसने कही नहीं। कई बार मोबाइल पकड़े हुए घूमते-घूमते अपनी बात को जोर देकर कहते हुए, फोन पर चिल्लाते हुए लोगों को देखा-सुना जा सकता है। इस प्रकार के व्यवहार के पीछे एक ही कारण होता है। या तो सामने वाला सुनना नहीं चाहता या भाव संप्रेषण की कला का अभाव है।

अनुभूतियां महसूस करने का विषय होती हैं। भाव उमड़ते-घुमड़ते हैं। जीवन में संवाद बहुत जरूरी होता है। बिना संवाद के जीवन के सब रंग फीके हैं। संप्रेषण वह प्रक्रिया है, जो भावों विचारों का संवाहक होती है, जहां विचारों का आदान-प्रदान होता है। सामाजिक सरोकार, संबंधों के निर्वहन के लिए सार्थक, शिष्ट और प्रभावी संवाद या भाव संप्रेषण जरूरी होता है। अति संवेदनशील व्यक्ति बहुत जल्दी इन सबसे प्रभावित हो जाता है। इसका अर्थ यह नहीं कि अन्य प्रभावित नहीं होते हैं। पर कई बार उसे सामान्य रूप में ग्रहण कर लिया जाता है या हंसकर टाल दिया जाता है। या अपने अनुसार समझ लिया जाता है कि शायद कहने वाले का मतलब यह नहीं रहा होगा। तब स्थितियां सामान्य रहती हैं, संबंध बना रहता है। पर अति संवेदनशील कहे जाने वाले लोगों के दिल और दिमाग में कोई बात इतनी गहराई से जम जाती है कि वे अपने अलावा किसी की बात न मानना चाहते हैं, न सुनना। यही तकलीफदेह हो जाता है।

भाव संप्रेषण के मूल में विचारों का आदान-प्रदान होता है। कुछ सूचनाएं होती हैं, कुछ आसपास के समाचार होते हैं। सवाल-जवाब होते हैं। प्रत्येक मनुष्य के साथ यह प्रक्रिया भिन्न होती है। जैसे दफ्तर में काम करने वाले अपने दफ्तर से संबंधित बात करेंगे। घर में, समाज, परिवार मित्रों में भाव संप्रेषण के विविध प्रकार होते है। लेकिन आत्मीय रिश्तों में जरा सावधानी जरूरी होती है। अन्यथा कही गई बात सही रूप में प्रेषित नहीं हुई तो बात बिगड़ जाने की संभावना रहती है। नतीजतन, विवाद की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए आत्मीय भाव बनाए रखना चाहिए। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में खुशियां जहां से मिले, बटोरते चलना चाहिए। अच्छा याद रखा जाए, बुरा भूलते रहा जाए। भाव प्रधान होता है। कहने का तरीका, लहजा अवश्य भिन्न हो सकता है।

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

ठगी के पांव

वर्तमान समय में विश्व भर में फैले इंटरनेट का सहारा लेकर ही साइबर अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है। तकनीक ने लोगों की जिंदगी को जितना आसान और सुविधाजनक बनाया है, उसी अनुपात में जोखिम भी पैदा किए हैं। अकेले इस वर्ष दो लाख से अधिक साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। आज कल लोगों के पास एक अज्ञात यानी की अनजान नंबर से काल आता है और बाद में संदेश में एक लिंक भेजा जाता है। जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है, वैसे ही उसके बैंक से पैसे गायब हो जाते हैं। हाल ही में नोएडा पुलिस ने ठगी करने वाले एक गिरोह को पकड़ा हैं, जिन्होंने लोगों से करोड़ों की ठगी की।

साइबर अपराध का सबसे जटिल पक्ष यह है कि विश्व के किसी भी कोने में बैठकर इस अपराध को अंजाम दिया जा सकता है। वर्तमान में आनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, फिशिंग बुलिंग आदि समस्या से पूरा विश्व पीड़ित है। यहां तक कि विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली देश अमेरिका भी इससे अछूता नहीं है। हैकिंग को लोगों ने आज रुचि और व्यवसाय बना लिया है। विश्व के सभी देशों के सरकारी संस्थानों की वेबसाइट को कभी-कभी हैक करने का प्रयास किया जाता है। साइबर अपराध के माध्यम से आज धार्मिक-राजनीतिक उन्माद भी पैदा कर दिया जाता है। आतंकवादी भी इसके माध्यम से विश्व में दहशत फैला रहे हैं।

इसलिए जरूरी है कि अपने ईमेल का पासवर्ड इंटरनेट पर कहीं पर न लिखा जाए और न ही कोई मोबाइल नोटपैड ऐप पर। इसकी सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सजगता बरतनी चाहिए। मसलन, पासवर्ड बदलते रहना, मोबाइल फोन और लैपटाप में एंटीवायरस रखना, अनजान संदेश, लिंक या मोबाइल पर आई सूचना पर बिना जानकारी के क्लिक न करना, उसे हटा देना, फर्जी नंबर को तुरंत ब्लाक करना जैसी छोटी सावधानियां बरतने की जरूरत है। किसी भी सरकारी योजना या बैंक के नाम से आए फर्जी काल से सावधान रहना चाहिए। जल्दबाजी और ऐसे फोन पर विश्वास करना मतलब किसी का डेटा चोरी हो सकता है, जैसा कि आजकल खूब हो रहा है।

साइबर अपराधी बड़े शातिर तरीके से ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। हालांकि साइबर सेल का गठन होने से कई गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। जरूरी है इन पर प्रशासन पैनी नजर लगातार बनाए रखे। देश में सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत किसी भी तरह का साइबर अपराध दंडनीय अपराध है। बावजूद इसके हर दिन इस तरह के मामले सामने आते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी का आगमन एक ओर जहां वरदान साबित हुआ है, वहीं उसका सहारा लेकर कई गिरोह अपराध भी कर रहे हैं। देश के कई शहर साइबर अपराध का गढ़ बन चुके हैं। बहरहाल, एक जागरूक समाज ही साइबर अपराधियों के हौसले को तोड़ सकता है। तकनीकी जानकारी और थोड़ी-सी समझदारी तथा लालच पर संयम रखकर साइबर अपराध की गिरफ्त में आने से बचा जा सकता है।

– वर्षा, गुरुग्राम

वोट के बदले

चुनाव के दौरान इस तरह वादे आम हो चुके हैं- 'तुम हमें वोट दो, हम तुम्हें लैपटाप देंगे, साइकिल देंगे, स्कूटी देंगे, मुफ्त बिजली देंगे, कर्ज माफ कर देंगे...!' यह खुलेआम रिश्वत नहीं तो क्या है? क्या इससे चुनाव प्रक्रिया बाधित नहीं होती है? क्या इन सब प्रलोभनों से चुनाव निष्पक्ष होंगे? यह जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स का पैसा है। इसकी जवाबदेही होनी चाहिए।

होना यह चाहिए कि लोगों के टैक्स से सर्वजन हिताय काम हों, देश के विकास का काम हों, रोजगारोन्मुखी कल-कारखाने हों, खेती लहलहाती हो, तो सबको टैक्स चुकाना अच्छा लगता।

लेकिन इसके उलट हो रहा है। लोगों के लिए रोजगार सृजन के अनूकूल परिस्थिति बनाने के बजाय तथाकथित सामाजिक कल्याण योजनाओं के माध्यम से वोट बैंक बनाए जा रहे हैं। इस बर बंदिश लगाई जानी चाहिए।

– अरविंद जैन 'बीमा', उज्जैन

कर्नाटक का मैदान

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव इस बार बेहद खास होने वाले हैं। कांग्रेस, भाजपा और जनता दल (एस) ने वहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। हाल ही में कर्नाटक में भाजपानीत सरकार ने मुसलिमों को दिए जाने वाले चार फीसद आरक्षण को समाप्त कर दिया और उसे दो हिस्सों में बांट कर राज्य की सबसे मजबूत दो पिछड़ी जातियों के बीच बांट दिया है। लेकिन कांग्रेस भी इस बार पीछे नहीं है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मिले जनसमर्थन से गद्गद कांग्रेस ने भी पूरी तैयारी कर ली है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी भूमिका पूरी तरह मजबूती से निभाने की कोशिश में हैं। जनता दल (एस) अकेले चुनाव लड़ेगा तो इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। इसके अलावा, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी भी यहां अपनी जोर-आजमाइश करने वाली है। हिजाब और मुसलिम आरक्षण चुनावी मुद्दा होने वाले हैं। दलित मतदाताओं को अपने पाले में किया जाए, इसलिए आंबेडकर जयंती के अवसर पर सामाजिक न्याय यात्रा और कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जाहिर है, इस बार कर्नाटक का चुनाव बाकी चुनावों के मुकाबले अलग साबित होने वाला है।

– वीरेंद्र कुमार जाटव, देवली, दिल्ली

जुए का जाल

आज के युग में जुआ-सट्टा का कारोबार दिन-प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है। इसके लिए अब सोशल मीडिया, ऐप और फोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इंटरनेट पर युवाओं पर कई गेम आ गए हैं, जो हर साल लाखों लोगों को मानसिक बीमारी का शिकार बना रहे हैं। कुछ लोग सट्टेबाजी में पैसा जीतकर मालामाल हो जाते हैं और कई लोग हार कर कंगाल हो रहे हैं। विडंबना यह है कि इस वहम में पड़ कर लोग बिना काम किए पैसा कमाने के चक्कर में बहुत बड़ा नुकसान कर ले रहे हैं। युवा पीढ़ी बिना मेहनत के करोड़पति और अमीर बनने का ख्वाब देखने लगी है। हारे पैसे को निकालने के चक्कर में व्यक्ति कितना पैसा डुबा देता है, यह उसे पता नहीं चलता हैं। वह लोगों से कर्ज भी ले लेता है और कर्ज समय पर न देने पर अवसाद में चला जाता है या खुदकुशी कर लेता हैं। यह देश में बढ़ रहे जुआ-सट्टा कारोबार एक बहुत बड़ी समस्या बन गई हैं।

– सूर्यांश सिंह, लालगंज अझारा, प्रतापगढ़

www.readwhere.com

धनुष और मारी सेल्वराज एक बार फिर करेंगे साथ काम

सोशल मीडिया

अभिनेता धनुष और फिल्मकार मारी सेल्वराज 2021 की हिट तमिल फिल्म कर्णन की सफलता के बाद एक बार फिर साथ काम करने को तैयार हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, दोनों की आगामी फिल्म जी स्टूडियो साउथ और वंडरबार फिल्म्स के बैनर तले बनेगी। फिल्म निर्माताओं के अनुसार, यह फिल्म धनुष के करिअर की 'सबसे अधिक बजट' वाली फिल्मों में से एक होगी। अभिनेता धनुष ने ट्विटर पर यह जानकारी साझा करते हुए रविवार रात लिखा, एक बड़ा 'प्रोजेक्ट' जो कई कारणों से खास है। ओम नमः शिवाय। वहीं मारी सेल्वराज ने कहा, 'मैं एक बार फिर धनुष सर के साथ काम करने को उत्साहित हूं। 'जी स्टूडियोज' की दक्षिण भारतीय फिल्मों का काम संभालने वाले अक्षय केजरीवाल ने कहा कि कंपनी 'वंडरबार फिल्म्स' के साथ अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा करते हुए खुश व गौरवान्वित है।

खबर कोना

उम्मीद है कि लोग 'किसी का भाई किसी की जान' को सराहेंगे : सलमान

सलमान खान चार साल बाद फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' के साथ मुख्य भूमिका में बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं और अभिनेता को उम्मीद है कि दर्शक उनके प्रयास की सराहना करेंगे। सलमान खान फिल्म (एसकेएफ) के बैनर तले बनी 'किसी का भाई किसी की जान' फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है। अभिनेता (58) ने कहा कि फिल्म एक्शन, रोमांस और पारिवारिक ड्रामे के साथ एक संपूर्ण मनोरंजन पैकेज है। सलमान ने यहां फिल्म का ट्रेलर जारी होने के कार्यक्रम में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि लोग फिल्म की सराहना करेंगे, फिल्म को पसंद करेंगे और जाकर देखेंगे। यह ठेठ हिंदुस्तानी फिल्म है। इसमें एक्शन है और इसमें सूरज बड़जात्या की फिल्म की तरह दृश्य हैं (पारिवारिक ड्रामा) तथा इसमें संजय लीला भंसाली की फिल्मों वाला रोमांस है। यह आज की फिल्म है।' ईद 2023 पर रिलीज होने वाली इस फिल्म में तेलुगु अभिनेता वेंकटेश भी महत्त्वपूर्ण भूमिका में हैं।

शाहरुख ने अपनी बेटी सुहाना की तारीफ की

बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने अपनी बेटी सुहाना की उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सराहना की है। मंगलवार शाम, सुहाना को एक सौंदर्य उत्पाद कंपनी का 'ब्रांड अंबेसडर' घोषित किया गया। शाहरुख ने 22 वर्षीय बेटी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में सुहाना लाल पोशाक पहनी नजर आ रही है। अभिनेता ने अपने आधिकारिक ट्विटर पेज पर बुधवार को लिखा, ''मेबलिन (सौंदर्य उत्पाद ब्रांड) के लिए बधाई हो बेटा। अच्छे कपड़े पहने हैं...अच्छा बोल रही हो...बहुत खूब। क्या मैं अच्छी परवरिश करने का कुछ श्रेय ले सकता हूं !!'' कार्यक्रम में सुहाना ने संवाददाताओं से कहा, ''इस ब्रांड का हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित और खुश हूं।'' सुहाना अमेरिकी 'कामिक सीरिज' पर आधारित जोया अख्तर की 'द आर्चीज' के साथ भारतीय फिल्म उद्योग में पदार्पण कर रही हैं। नेटफ्लिक्स ने इस परियोजना के लिए 'आर्ची कामिक्स' के साथ साझेदारी की है।

'बालीवुड' शब्द थोपा हुआ लगता है : संजय मिश्रा

'बालीवुड' शब्द को 'थोपा हुआ' बताते हुए मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा ने जोर देकर कहा कि इसके स्थान पर 'भारतीय सिनेमा' या 'हिंदी सिनेमा' सरीखे संबोधनों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मिश्रा ने कहा कि बालीवुड नाम थोपा हुआ लग रहा है। यह बालीवुड कौन-सा शहर है भाई? यह नाम एक तरह की नकल है। उन्होंने कहा कि 'बालीवुड' के स्थान पर ठीक उसी तरह भारतीय सिनेमा या हिंदी सिनेमा शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए जिस तरह भारत की टीम को भारतीय टीम कहा जाता है। 59 वर्षीय अभिनेता ने एक सवाल पर इस बात से इनकार किया कि बालीवुड को भारतीय सिनेमा या हिंदी सिनेमा कहे जाने की वकालत करना उनका दक्षिणपंथी रुझान प्रदर्शित करता है। यह पूछे जाने पर कि ओटीटी मंच पर प्रसारित कई फिल्मों और कार्यक्रमों में गाली-गलौज, सेक्स और हिंसा के दृश्यों की भरमार के चलते क्या इस माध्यम को लेकर सख्त सेंसरशिप की जरूरत है, मिश्रा ने फौरन जवाब दिया कि मैं शुरू से मानता रहा हूं कि यह आपको खुद तय करना होगा कि आपको ओटीटी मंच का कोई कार्यक्रम देखना है या नहीं? अगर मुझे कोई कार्यक्रम गड़बड़ लग रहा है, तो मैं इसे क्यों देखूं और मेरा गड़बड़ कार्यक्रम देखने का मन है, तो मैं देखूंगा। उन्होंने कहा कि ओटीटी मंच के कारण नई विषयवस्तु के साथ ही नए अभिनेता, निर्देशक और कैमरामैन सामने आ रहे हैं और इन लोगों को काम का पूरा मौका मिल रहा है।

विशाल और रेखा भारद्वाज के साथ काम करने का सपना सच हुआ : लारा दत्ता

अभिनेत्री लारा दत्ता ने रविवार को कहा कि निर्देशक विशाल भारद्वाज और गायिका रेखा भारद्वाज के साथ आगामी वेब श्रृंखला चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री आफ सोलांग वैली के लिए काम करना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम खाते पर लिखा, विशाल सर और रेखा जी दोनों के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। मैं लंबे समय से यह चाह रही थी। दोनों के लिए प्यार, प्रशंसा और सम्मान। निर्माता एवं निर्देशक विशाल भारद्वाज इस वेब श्रृंखला के साथ ओटीटी (ओवर द टाप) मंच पर पदार्पण कर रहे हैं। यह अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास द सिटाफोर्ड मिस्ट्री पर आधारित है, जिसका प्रसारण ओटीटी मंच सोनी लिव पर होगा। इस श्रृंखला में लारा दत्ता के अलावा वामिका गब्बी, प्रियांशु पेन्युली, नसीरुद्दीन शाह, नीना गुप्ता, रत्ना पाठक शाह, गुलशन ग्रोवर, चंदन राय सान्याल और पाओली डैम भी नजर आएंगे। चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री आफ सोलांग वैली अगाथा क्रिस्टी लिमिटेड के सहयोग से प्रीति शाहनी की टस्क टेल फिल्म्स और विशाल भारद्वाज पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है।

कमाई

'भोला' ने कमाए 100 करोड़

अजय देवगन की 'भोला' को प्रदर्शित हुए दो हफ्ते हो चुके हैं। दुनिया भर में इस फिल्म ने बाक्स आफिस पर शतक का आंकड़ा पार कर लिया है। 'भोला' 2023 में विश्व स्तर पर 100 करोड़ फिल्मों के क्लब में शामिल होने वाली बालीवुड की नई फिल्म बन गई है। मारधाड़ वाली इस फिल्म की कमाई की रफ्तार बनी हुई है। आठ दिनों के पहले हफ्ते में 52.97 करोड़ रुपए की कमाई करने वाली 'भोला', अपने दूसरे हफ्ते में भी हर दिन करोड़ों में कमा रही है। बुधवार को प्रदर्शन के 14वें दिन भी इस फिल्म ने 1.09 करोड़ रुपए की कमाई की है। इससे पहले मंगलवार को 'भोला' ने 1.25 करोड़ कमाए थे। यानी फिल्म एक नीयत रफ्तार से मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। 'भोला' ने 14 दिनों में भारतीय बाक्स आफिस पर 67.96 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।



बोल

'हमेशा मुस्कुराते ही देखा'

बालीवुड अभिनेत्री भूमिका चावला ने दिवंगत निर्देशक और अभिनेता सतीश कौशिक को उनके जन्मदिन पर याद किया और कहा कि मैंने उन्हें हमेशा मुस्कुराते हुए देखा है। निर्देशक सतीश कौशिक का नौ मार्च को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अभिनेत्री ने कहा कि वे कौशिक के संपर्क में थीं और वे लोग अगली फिल्म की योजना बना रहे थे। चावला ने कहा कि वे खुशमिजाज व्यक्ति थे। मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी उन्हें बिना मुस्कुराए देखा। मुझे नहीं लगता कि किसी ने कभी उन्हें उदास या परेशान देखा है।

'लड़कियों की सुरक्षा की चिंता'

अभिनेत्री पलक तिवारी जल्द ही सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आने वाली हैं। पलक का कहना है कि सलमान की फिल्मों के सेट पर कुछ कायदे कानून होते हैं, जिसका पालन सभी को करना होता है। वहां लड़कियों के लिए ज्यादा खुले कपड़े पहनना वर्जित है। पलक के मुताबिक, सलमान हमेशा यही चाहते हैं कि लड़कियां ऐसे कपड़े पहनें जिससे वे खुद को सुरक्षित महसूस करें।

ताजातरीन

रामचरण, जगपति, अल्लू अर्जुन, यश कुमार दिखेंगे बालीवुड में

हिंदी सिनेमा की तरफ बढ़े दक्षिण भारत के नए सितारे

आरती सक्सेना

एक समय था जब देश का सिनेमा अलग-अलग भाषाओं में बंटा हुआ था। जैसे हिंदी, भोजपुरी और दक्षिण फिल्म उद्योग। बालीवुड कलाकारों का अपना अलग अंदाज था। जैसे अमिताभ बच्चन, शाहरुख, सलमान के करोड़ों प्रशंसक हैं वैसे ही दक्षिण में प्रभास, अल्लू अर्जुन, महेश बाबू आदि कलाकारों के भी प्रशंसकों की बड़ी संख्या है। लेकिन ये सारे बेहतरीन कलाकार अपने क्षेत्र तक ही सीमित थे। कोई भी कलाकार अपनी भाषा छोड़कर दूसरी भाषा में काम करने को तैयार नहीं था। पर अब ये दायरा खत्म हो रहा है। अब कोई भी कलाकार दूसरी भाषा की फिल्मों में काम करने से कतरा नहीं रहा। बल्कि गर्व महसूस कर रहे हैं। हालांकि दक्षिण के कलाकार पहले भी बालीवुड फिल्मों में काम कर चुके हैं। फिर चाहे वह कमल हसन हों, रजनीकांत हों, प्रभु देवा हों या वेंकटेश रामचरण और आर माधवन ही क्यों ना हों। दक्षिण के कई नामी कलाकार हिंदी फिल्मों में दस्तक देने वाले हैं। एक नजर.....

जहां एक और दक्षिण के बड़े कलाकार बालीवुड फिल्मों में भी काम कर रहे हैं, वहीं बालीवुड के कलाकार दक्षिण की फिल्मों में काम कर रहे हैं। वैसे तो दक्षिण और हिंदी फिल्मों का संगम हमेशा से ही रहा है। लेकिन यह धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है। दक्षिण के कई कलाकार बालीवुड फिल्मों में नजर आ रहे हैं। कई सारे दक्षिण के कलाकार आने वाली फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

1980 और 90 की फिल्मों में दक्षिण के कलाकारों का दौर काफी जोर-शोर से चला था जिसमें कमल हासन, नागार्जुन, रजनीकांत, वेंकटेश आदि दक्षिण के कलाकारों को ना सिर्फ पसंद किया गया था, बल्कि उनकी फिल्में सफल भी हुई थीं। उसके बाद धनुष, आर माधवन, प्रभु देवा, मोहनलाल, प्रकाश राज, सूर्या, विजय देवरकोंडा, राणा दुर्गावती, विजय सेतुपति जैसे अनगिनत कलाकार बालीवुड फिल्मों की शान बढ़ाते रहे हैं। आज भी कई सारे दक्षिण के कलाकार बालीवुड फिल्मों में काम कर रहे हैं और दर्शकों द्वारा सराहे जा रहे हैं।

बालीवुड की कई आने वाली फिल्मों में दक्षिण के कलाकार धमाल मचाने जा रहे हैं। जिन में कोई नायक की भूमिका निभा रहा है तो कोई खलनायक की। जैसे कि सलमान खान की ईद पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म 'किसी का भाई, किसी की जान' में दक्षिण के कलाकार रामचरण वेंकटेश और जगपति बाबू नजर आने वाले हैं। हाल ही में प्रदर्शित शाकुंतलम तेलुगु फिल्म है। और वह हिंदी में भी बनाई गई।

इसी तरह बालीवुड में भी कई सारी फिल्मों की पुनर्कृति बन रही है। फिर चाहे वह जल्द ही प्रदर्शित होने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान हो, या अजय देवगन की फिल्म भोला या दृश्यम ही क्यों ना हो। आज हर क्षेत्र के कलाकार अपनी फिल्म को दक्षिण या हिंदी फिल्म नहीं बल्कि भारतीय फिल्म के नाम से जाने जाना पसंद करते हैं।

शकुंतलाम में मलयालम कलाकार देव मोहन, अल्लू आरहा, मोहन बाबू नजर आएंगे, शाहरुख खान की फिल्म जवान में दक्षिण के हास्य कलाकार योगी बाबू और थलापति विजय नजर आएंगे। जवान फिल्म में खास किरदार, जो अल्लू अर्जुन को प्रस्ताव हुआ था अब वही किरदार कन्नड़ कलाकार शिवा राजकुमार निभा रहे हैं। रामायण फिल्म में रावण का अभिनय यश कुमार करने वाले हैं।

बड़े मियां छोटे मियां में पृथ्वीराज सुकुमारन खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। शंकर की अगली अनाम फिल्म जो हिंदी में भी बन रही है उसमें थलापति विजय अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म प्रोजेक्ट के में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण के साथ प्रभास नजर आएंगे। यह फिल्म टाइम मशीन पर आधारित है जो दो भागों में बन रही है। फिल्म मुंबईकर में विजय सेतुपति अहम भूमिका में नजर आएंगे।



रामचरण

बालीवुड की कई आने वाली फिल्मों में दक्षिण के कलाकार धमाल मचाने जा रहे हैं। सलमान खान की ईद पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म 'किसी का भाई, किसी की जान' में रामचरण और जगपति बाबू नजर आने वाले हैं।

बातचीत

तिग्मांशु धूलिया

इरफान के जाने के बाद थम सा गया हूं

निर्देशक तिग्मांशु धूलिया का मानना है कि उनके करीबी मित्र और अभिनेता इरफान खान की मौत के बाद मायानगरी में उनका सफर थम सा गया है। धूलिया की पहली निर्देशित फिल्म 'हासिल' (2003) और बाद में 'पान सिंह तोमर' (2012) में इरफान खान मुख्य किरदार में थे। वे मानते हैं कि कुछ किरदार केवल इरफान ही निभा सकते थे।

फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए धूलिया को पहला राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था, जबकि इरफान खान को उनके शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। देश में बनी कुछ सर्वश्रेष्ठ आत्मकथात्मक फिल्म में से एक समझी जानी वाली इस फिल्म में इरफान ने डाकू पान सिंह का किरदार निभाया था। धूलिया ने कहा कि इरफान एक ऐसे अभिनेता थे, जिनके लिए किरदार लिखना बहुत अच्छा लगता था। मैं उनके लिए जटिल किरदारों और स्थितियों को गढ़ना पसंद करता था, क्योंकि मुझे पता था कि वह इसे समझने और इसे निभाने में सक्षम थे। मेरा मानना है कि ऐसा कोई और अभिनेता नहीं है, जिसके पास यह समझ हो।

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि उनके जीवन के आखिरी दो सालों में हमने साथ काम करने की बात नहीं की थी। हालांकि उस दौरान इरफान काफी व्यस्त थे। लेकिन अब अगर मुझे कुछ करने की महत्त्वाकांक्षा भी है, तो मैं इसे कभी नहीं कर पाऊंगा क्योंकि वह अब हमारे साथ नहीं हैं। धूलिया ने कहा कि एक कलाकार के रूप में वह मुझे और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे। जब से वह हमें छोड़कर गए हैं, मैं थम सा गया हूं। यह सबसे बड़ी समस्या है।

उन्होंने कहा कि मैं युवा निर्देशकों से हमेशा यह कहता हूं कि आप शुरू में जो भी करें, उसे पैसे के लिए न करें, बस उसे सर्वश्रेष्ठ तरीके से करें। चाहे वह कारगर हो या न हो, यह अलग बात है। आप हमेशा अपनी पहली फिल्म के लिए याद किए जाओगे। तिग्मांशु धूलिया की पहली फिल्म 'हासिल' 16 मई को बीस साल पूरे कर लेगी। इस फिल्म को अपने करिअर के लिए मील का पत्थर बताते हुए उन्होंने कहा कि 'हासिल' की प्रदर्शन के बाद कई निर्माताओं ने बड़ी फिल्मों के लिए उनके साथ अनुबंध किए लेकिन वे फिल्में नहीं चलीं। उन्होंने कहा कि मुझे पता नहीं कि मेरे साथ क्या हुआ। 'चरस' के बाद सात साल तक मेरे पास कोई फिल्म नहीं थी। कुछ फिल्मों के 'साइनिंग अमाउंट' की वजह से मैंने इतना समय गुजार लिया। जो काम मिला, वह इसलिए मिला क्योंकि मैंने 'हासिल' बनाई थी। वरना लोग मुझे भूल गए होते।

टिप्पणी

निर्माताओं में रचनात्मकता और व्यापक सोच की कमी

हंसी-मजाक के नाम पर दशकों से फूहड़ता परोस रहा हिंदी सिनेमा

वन्दना यादव

हिंदी सिनेमा की इतनी दीवानगी के बावजूद हिंदी फिल्मों में 'हास्य' के नाम पर कुछ 'विशेष' नहीं किया। बल्कि कहा जाए कि हिंदी सिनेमा, अपने पुराने और घिसे-पिटे सूत्र को लेकर आज भी चल रहा है, तो गलत नहीं होगा। कुछ दशक पहले की फिल्मों ने स्थूलकाय महिलाओं को हंसी का पात्र बनाए रखा। इसके उलट बहुत पतले या बेहद मोटे, श्याम वर्णी, केशहीन पुरुष की भी सिनेमा ने जी-भर कर हंसी उड़ाई।

कभी पहनावा तो कहीं पात्रों की बोली-भाषा के चलते, उनके बोलने के तरीके का मजाक बनाया जाता रहा। इस मंच पर असहिष्णुता की हद तब पार हो जाती है कि हास्य पैदा करने के लिए कलाकार की स्वास्थ्यगत अक्षमता का भी इस्तेमाल कर लिया जाता है।

Please note that, failure to pay the First and Final Call Money, as aforesaid, shall render the partly paid-up equity shares of the Company, including the amount already paid thereon, liable to be forfeited in accordance with the provisions of the Act, the Articles of Association of the Company and the Letter of Offer. Further, interest @8.00% (Eight percent only) p.a. will continue to be charged for delay in payment of the First and Final Call from 24th March 2023 till date of actual payment of the First and Final Call. The Company shall be entitled to deduct from any dividend payable to such members, if any, all sums of money outstanding on account of calls and interest due thereon in relation to the partly paid-up equity shares of the Company.

All correspondence in this regard may be addressed to: KFin Technologies Limited, Unit: Suzlon Energy Limited, Selenium Tower B, Plot No. 31 and 32, Financial District, Nanakramguda, Rangareddi - 500032, Telangana, India; Contact person: Mr. M. Murali Krishna Tel: +91 40 6716 2222; Toll Free No. 1800 309 4001 (operational from Monday to Saturday between 9 a.m. and 5 p.m.) E-mail id: einward.ris@kfintech.com.

For Suzlon Energy Limited

Sd/-
Geetanjali S. Vaidya
Company Secretary

Date: 13th April 2023
Place: Pune

यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड

UGRO CAPITAL
चौथी मंजिल, टॉवर 3, इक्विनॉक्स बिजनेस पार्क, एलबीएस रोड, कुर्ला, मुंबई 400070

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्ति(यों) ['प्रतिभूत आस्ति(यों)'] की बिक्री के लिए 15 दिनों की ई–नीलामी बिक्री सूचना

जनसामान्य को और विशेष रूप से कर्जदारों और गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार') के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित प्रतिभूत आस्ति(यां), जिसका कब्जा प्रतिभूत लेनदार के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया है, यहां नीचे उल्लिखित बकायों तथा भावी ब्याज एवं अन्य व्यय और राशि की वसूली तक यहां नीचे उल्लिखित कर्जदार(रों) तथा जमानती(यों) से प्रतिभूत लेनदार के बकाये की वसूली के लिए सम्पत्ति की बिक्री ''जैसा है जहां है'', ''जहां है जैसे'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि (ईएमडी) तथा ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि नीचे उल्लिखित है :

कर्जदार(रों)/जमानती(यों) का विवरण	मांग सूचना का विवरण	नीलामी की विवरण	
1. ग्लोबल एजेंसीज 2. श्रीमती स्नेहलता बस्सी 3. कपलिश पॉलीमर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड... कर्जदार 4. श्रीमती सनेहलता बस्सी 5. सुश्री विधि बस्सी ..कानूनी वारिस ऋण खाता संख्याः HCFDELSEC00001003925	सूचना की तिथि : 19-07-2022	आरक्षित मूल्य (आवासीय फ्लैट)	रु. 37,80,000/-
		आरक्षित मूल्य (वाणिज्यिक दुकान)	रु. 55,80,000/-
		ईएमडी (आवासीय फ्लैट)	रु. 3,78,000/-
	बकाया राशि : रु. 95,71,158/- तिथि 19-07-2022 तक	ईएमडी (वाणिज्यिक दुकान)	रु. 5,58,000/-
		ईएमडी जमा की अंतिम तिथि	29-04-2023
		नीलामी की तिथि 08-05-2023	
		नीलामी का समय 10 बजे पूर्वा. - 1 बजे अप.	
		वृद्धि मूल्य	रु. 1,00,000/-

प्रतिभूत आस्तियों का विवरणः
आवासीय फ्लैट : फ्लैट नं. 203, प्रथम तल, ब्लॉक नं. 5, सेक्टर ओमिक्रॉन–1ए, ग्रेटर नोएडा–201306
वाणिज्यिक दुकान : 120, प्रथम तल, एलएससी पॉकेट डी एवं ई, मार्केट सरिता विहार, दिल्ली–110 076

कर्जदार(रों)/जमानती(यों) का विवरण	मांग सूचना का विवरण	नीलामी की विवरण	
1. प्रवीण इन्फोटेक 2. श्री मोहित गुप्ता 3. श्रीमती पुनीता गुप्ता ऋण खाता संख्या : HCFDELSEC00001005148	सूचना की तिथि : 14-02-2022	आरक्षित मूल्य	रु. 55,00,000/-
		ईएमडी	रु. 5,50,000/-
		ईएमडी जमा की अंतिम तिथि	29-04-2023
	बकाया राशि : रु. 22,63,305/

खबर कोना

नई दिल्ली: भारतीय सेना गुरुवार को अभ्यास के दौरान मोर्चा संभाले हुए।

सेना, वायुसेना ने पूर्वी सेक्टर में अभ्यास किया

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (भाषा)।

पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना और वायुसेना के सामरिक बलों ने पूर्वी सेक्टर में एक बहु-क्षेत्रीय अभ्यास किया। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य निर्दिष्ट क्षेत्रों में संयुक्त योजनाओं पर काम कर इनकी पुष्टि करना था।

युगांडा में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा

सीमा पार से पैदा की जा रही सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम भारत

कंपाला, 13 अप्रैल (भाषा)।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार से आतंकवाद को अंजाम दे रही ताकतें अब जान गई हैं कि यह एक 'नया भारत' है जो उन्हें जवाब देगा। साथ ही, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश पाकिस्तान और चीन द्वारा इसकी (भारत की) राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पैदा की गई चुनौतियों से आज निपट सकता है।

युगांडा में बुधवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने देश के एक नए भारत में तब्दील होने का उल्लेख किया। अपनी सीमाओं पर भारत द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों के बारे में जयशंकर ने कहा कि आज, लोग एक नया भारत देख रहे हैं जो सामना करने को इच्छुक है और चाहे यह उरी हो या बालाकोट, भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटेगा। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के खिलाफ दशकों से सीमा पार से आतंकवाद में संलिप्त ताकतें, जिन्हें भारत ने सहन किया है, अब जान चुकी हैं कि यह एक नया भारत है और यह भारत उन्हें जवाब देगा। उन्होंने चीन से लगी सीमा पर मौजूद चुनौतियों के बारे में भी बात की। जयशंकर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से, समझौतों का उल्लंघन करते हुए, चीनियों ने बड़ी संख्या में सैनिक जमा किए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय सैनिक बहुत ही विषम परिस्थितियों वाले अत्यधिक ऊंचे स्थानों पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति अतीत से बिल्कुल अलग है क्योंकि भारतीय सैनिकों को अब 'पूरा समर्थन' प्राप्त है और उनके पास सही उपकरण तथा बुनियादी ढांचा है। विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि चीन से लगी सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए और अधिक कार्य करने की जरूरत है क्योंकि अतीत में इसकी अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि यह एक नया भारत है जो अपने हितों के लिए खड़ा होगा और विश्व उसे मान्यता देगा। जयशंकर ने कहा कि भारत पर अन्य देशों द्वारा यह दबाव नहीं बनाया जा सकता कि हमें कहां से अपना तेल खरीदना है और कहां से तेल नहीं खरीदना है।

कहा पिछले तीन वर्षों से, समझौतों का उल्लंघन करते हुए, चीनियों ने बड़ी संख्या में सैनिक जमा किए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय सैनिक बहुत ही विषम परिस्थितियों वाले अत्यधिक ऊंचे स्थानों पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति अतीत से बिल्कुल अलग है क्योंकि भारतीय सैनिकों को अब 'पूरा समर्थन' प्राप्त है और उनके पास सही उपकरण तथा बुनियादी ढांचा है।

दुनिया के सौ प्रभावशाली लोगों में शाहरुख भी

टाइम पत्रिका की सूची में राजामौली व रुश्दी शामिल

न्यूयार्क, 13 अप्रैल (भाषा)।

भारतीय अभिनेता शाहरुख खान, फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली, लेखक सलमान रुश्दी और टेलीविजन प्रस्तोता और निर्णायक पद्मा लक्ष्मी 2023 के दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल हैं। टाइम पत्रिका ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, महाराजा चार्ल्स, सीरिया में जन्मीं तैराक और कार्यकर्ता सारा मर्दिनी और युसरा मर्दिनी, माडल बेला हदीद, अरबपति सीईओ एलन मस्क और प्रतिष्ठित गायिका और कलाकार ब्योंसे भी शामिल हैं। सह कलाकार दीपिका पादुकोण द्वारा लिखे गए खान के परिचय में कहा गया है, 'किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसे वह बहुत करीब से जानती हैं और जो उनकी तहेदिल से देखभाल करता है, 150 शब्द कभी भी शाहरुख खान के साथ न्याय नहीं करेंगे।'

पादुकोण ने कहा कि खान को सार्वकालिक महान अभिनेताओं में से एक के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि लेकिन जो वास्तव में उन्हें अलग करता है, वह उनका दिमाग, उनकी शिष्टता, उनकी उदारता है। फेहरिस्त लंबी है। खान ने 2023 'टाइम100 रीडर पोल' जीता था, जिसमें पाठकों ने उन व्यक्तियों के लिए मतदान किया था जिन्हें वे टाइम की सबसे प्रभावशाली लोगों की वार्षिक सूची में स्थान के लिए सबसे योग्य मानते थे। इस मतदान में डाले गए कुल 12 लाख से अधिक वोटों में से अभिनेता को चार प्रतिशत मत मिले थे।

राजामौली के लिए, अभिनेत्री आलिया भट्ट ने लिखा है कि 'आरआरआर' निर्देशक 'उन्हें अपने दर्शकों की नब्ज पता है। वह जानते हैं कि कौन सा तार छेड़ना है, कहां और कैसे कैमरा घुमाना है।



जासूसी के संदेह में नार्वे से 15 रूसी राजनयिक निष्कासित

कोपनहेगन, 13 अप्रैल (एपी)।

नार्वे की सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह ओस्लो में रूसी दूतावास में काम करने के दौरान जासूसी करने के संदेह में 15 रूसी राजनयिकों को देश से निष्कासित कर रही है। विदेश मंत्री एनीकेन ह्यूटफेल्ड ने कहा कि यह कदम 'नार्वे में रूसी खुफिया गतिविधियों के दायरे को कम करने और इस तरह हमारे राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है।' ह्यूटफेल्ड ने कहा कि अवांछित घोषित किए गए रूसियों को 'थोड़े समय के भीतर नॉर्वे छोड़ देना चाहिए।' उन्होंने कहा कि हम नार्वे के वीजा के लिए आवेदन करने वाले खुफिया अधिकारियों को वीजा नहीं देंगे।' नार्वे की सरकार ने कहा कि रूसियों की गतिविधि अवांछित घोषित की गई क्योंकि यह 'उनके राजनयिक दर्जे के साथ असंगत थी'। ' रूस की तास और आरआइए नोवोस्ती समाचार एजंसियों के मुताबिक, रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि मास्को नार्वे की कार्रवाई का जवाब देगा।

एक साल पहले, नार्वे ने उन तीन रूसी राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था जिनकी पहचान खुफिया अधिकारियों के रूप में की गई थी। जिस व्यक्ति पर नार्वे पुलिस सुरक्षा सेवा ने रूस की खुफिया सेवाओं में से एक के लिए काम करते समय झूठे नाम और पहचान का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था उसे भी पिछले साल गिरफ्तार किया गया था।

अमेरिकी खुफिया दस्तावेज 'लीक' होने से दक्षिण कोरिया के साथ उलझी शिखर वार्ता

वार्तासोल, 13 अप्रैल (एपी)।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा से ठीक पहले अमेरिकी खुफिया दस्तावेजों के 'लीक' होने से असहज स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि लीक हुए दस्तावेजों में यूक्रेन को लेकर वरिष्ठ दक्षिण कोरियाई अधिकारियों की आपसी बातचीत भी कथित तौर पर शामिल है। इस प्रकार के दस्तावेज संकेत देते हैं कि अमेरिका अपने एक प्रमुख एशियाई सहयोगी देश पर नजर रख रहा था। गौरतलब है कि पिछले साल पदभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति यून सुक योल ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरों और सैन्य चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका के साथ मजबूत सैन्य साझेदारी को अपनी विदेश नीति के केंद्र में रखा है।

दोनों देशों के बीच आगामी 26 अप्रैल को शिखर वार्ता होने वाली है जिसे सुरक्षा प्रतिबद्धता, आर्थिक और प्रौद्योगिकी नीतियों को लेकर महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। लीक दस्तावेजों को आनलाइन पोस्ट किया गया जिसे अमेरिकी खुफिया व्यवस्था का उल्लंघन कहा जा रहा है। द एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखे गए इन दस्तावेजों के मुताबिक, अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् को यूक्रेन को गोला-बारूद मुहैया कराने के लिए अनुरोध किया था जिसके बाद मार्च की शुरुआत में दोनों देशों के बीच 'मतभेद' हुए। दक्षिण कोरिया तेजी से उभरता हथियार निर्यातक देश है और उसकी नीति युद्ध के दौरान किसी देश को हथियारों की आपूर्ति नहीं करने की है। हालांकि, दक्षिण कोरिया ने यूक्रेन को सीधे हथियार नहीं दिए हैं, उसने मानवीय सहायता भेजी और रूस के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले आर्थिक प्रतिबंधों में शामिल हुआ।

राजौरी में मार गिराया गया पाकिस्तानी ड्रोन

राजौरी, 13 अप्रैल (भाषा)।

सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर के राजौरी में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुए एक ड्रोन को मार गिराया और इलाके में व्यापक तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन से बांधे गए पैकेट से एके-47 राइफल की पांच मैगजीन, 131 गोलियां, दो लाख रुपए नगद और अन्य सामान बरामद किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें संदेह है कि कुछ अन्य ड्रोन ने हथियार, विस्फोटक या ऐसी वस्तुएं गिराई होंगी और उन्हें बरामद करने के लिए तलाश शुरू कर दी गई है। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि 12 और 13 अप्रैल की दरमियानी रात भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने पुलिस के साथ मिलकर ड्रोन बरामद किया, जो जिले के सुंदरबनी सेक्टर के बेरी पट्टन इलाके में पाकिस्तान से नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसा था।

इससे पहले आधिकारिक सूत्रों ने बताया था कि नियंत्रण रेखा से लगे बेरी पाटन और सियोट के इलाकों में हवा में कोई संदिग्ध वस्तु देखी गई, जिसके बाद व्यापक स्तर पर घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल इस अभियान में एक ड्रोन को मार गिराने में कामयाब रहे। सूत्रों ने दावा किया कि क्षेत्र के कई गांवों में व्यापक स्तर पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है तथा कुछ और बरामदगी की उम्मीद है। एक अधिकारी ने कहा कि हम केवल इतना बता सकते हैं कि एक ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया गया है और उससे भेजा गया सामान बरामद कर लिया गया है। विस्तृत जानकारी बाद में साझा की जाएगी।

www.readwhere.com

मांग सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत उक्त नियमावली के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आईआईएफएल होम फाइनांस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी कर ऋणधारकों को उन्हें जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया। उपरोक्त के सिलसिले में एक बार पुनः एतद्द्वारा ऋणधारकों को निर्देश दिया जाता है कि मांग सूचना की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज के साथ यहां नीचे दर्शाई गई राशि का इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर भुगतान करें। ऋणधारकों, मांग सूचना की तिथि को बकाया राशि तथा ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिये प्रस्तावित प्रतिभूति का विवरण इस प्रकार है:

ऋणधारकों/गारन्टरों का नाम	मांग सूचना तिथि एवं राशि	प्रतिभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का विवरण
श्रीमती अनन्या भारती श्री प्रशांत वर्मा (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10302540)	11 अप्रैल 2023, रु. 2432970/- (रु. चौबीस लाख बत्तीस हजार नौ सौ सत्तर मात्र)	सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा: ग्राम नवादा की राजस्व सम्पदा, दिल्ली राज्य, भगवती गार्डन, एक्स्टें. के नाम से विदित कॉलोनी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में खसरा नं. 328 में निर्मित प्रथम तल (फ्रान्ट साइड-एलएचएस) छत के अधिकार के बिना, प्लॉट नं. 100 ए एवं 100 बी, कार्पेट एरिया 477 वर्ग फीट सुपर निर्मित एरिया 531 वर्ग फीट पर निर्मित
श्रीमती रिमझिम कुमारी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10335609)	11 अप्रैल 2023, रु. 26,35,619/- (रु. छब्बीस लाख पैंतीस हजार छः सौ उन्नीस मात्र)	सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा: ग्राम विन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 की राजस्व सम्पदा में ब्लॉक बी-1, में खसरा नं. 306, संजय एन्क्लेव में निर्मित प्रथम तल आरएचएस, छत/टैरेस अधिकार के बिना, एरिया माप 50 वर्ग यार्ड्स, निर्मित सम्पत्ति सं. 20।

यदि उक्त ऋणधारक उपरोक्त रूप में आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल होते हैं तो आईआईएफएल एचएफएल ऋणधारकों की जोखिमों एवं लागत पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू होने वाले नियमों के अंतर्गत उक्त प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा। अधिक विवरणों के लिये कृपया **शाखा कार्यालय:** प्लॉट नं. 30/30ई, ऊपरी भूतल, मैन शिवाजी मार्ग, नजफगढ़ रोड, जगुआर शो रूम के बगल में मोती नगर, नई दिल्ली में प्राधिकृत अधिकारी अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय: आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गाँव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : दिल्ली तिथि: 14.04.2023 **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी आईआईएफएल होम फाइनांस लि. के लिये**

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड

HeroFinCorp.

सीआईएन : U74899DL1991PLC046774
पंजीकृत कार्यालय : 34, कम्युनिटी सेंटर, बसन्त लोक, वसन्त विहार, नई दिल्ली-110057
दूरभाष : 011-49487150 फैक्स : 011-49487150
ई-मेल : litigation@herofincorp.com, वेबसाइट : www.herofincorp.com

"परिशिष्ट-IV-ए" [नियम 8(6) के प्रावधान देखें] अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सन्दर्भ में अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार (हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड) के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार (हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड) के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया है, कर्जदार से प्रतिभूत लेनदार के नीचे वर्णित राशि के बकाये की वसूली के लिए निम्नलिखित तिथि पर ''जैसा है जहां है आधार'' एवं ''जो भी वहां है आधार'' एवं ''जैसा है जो है आधार'' एवं ''उपचार रहित आधार'' पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य नीचे उल्लिखित है और जमा की जाने वाली धरोहर राशि क्रमशः उल्लिखित है।

कर्जदार(रों)/जमानती(यों) का नाम तथा पता	नीलामी के तहत कवर प्रभारित प्रतिभूति का पता	आरक्षित मूल्य (आरपी)
1. मैसर्स जय हिन्द फ्लोर मिल (कर्जदार), रेलवे रोड, चौधरी ट्रैक्टर के पीछे, गनौर, सोनीपत-131101, साथ ही : म.नं. 241/13, जैन गली, गनौर मंडी, गनौर, सोनीपत-131101 2. श्री नरेश जैन (सह-कर्जदार), म.नं. 241/13, जैन गली, गनौर मंडी, गनौर, सोनीपत-131101 3. श्री अतुल जैन (सह-कर्जदार), म.नं. 241/13, जैन गली, गनौर मंडी, गनौर, सोनीपत-131101 4. सुश्री मंजू जैन (सह-कर्जदार), म.नं. 241/13, जैन गली, गनौर मंडी, गनौर, सोनीपत-131101	सम्पत्ति मकान नं. 167/13, आबादी देह, जैन मोहल्ला, गनौर, तहसील गनौर, जिला सोनीपत में स्थित, माप 133.3 वर्ग गज उत्तर : दरवाजा एवं अन्य स्वामि दक्षिण : मकान वासुदेव पूर्व : सम्पत्ति पाम पैट आदि पश्चिम : मकान रामेश्वर दास	रु. 30,60,000/- आरक्षित मूल्य का 10% ईएमडी रु. 3,06,000/- वृद्धि राशि रु. 50,000/-

उस राशि की वसूली हेतु बकाया देयताएँ जिसके लिए सम्पत्ति बेची जा रही है	अधिकृत प्राधिकारी के नाम सहित सम्पत्ति के ऑन साइट निरीक्षण की तिथि/समय	ईएमडी तथा भागीदारी का निवेदन पत्र, केवाईसी, दस्तावेज, पैन कार्ड, ईएमडी का प्रमाण आदि जमा करने की अन्तिम तिथि	5 मिनट के स्वतः विस्तार सहित ई-नीलामी की तिथि एवं समय
06.07.2021 तक रु. 52,50,992.58/- (रुपये बावन लाख पचास हजार नौ सौ बानबे एवं अट्ठावन पैसे मात्र)	06.05.2023 को 10.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. तक अधिकृत प्राधिकारी : श्री कमल शर्मा, मोबाइल : 7876567000 ई-मेल : kamal.sharma@herofincorp.com आप श्री रमेश गिरि, मोबाइल : 9643468804, ramesh.giri@ herofincorp.com से भी सम्पर्क कर सकते हैं।	07.05.2023 को 5.00 बजे अप. तक तथा ईएमडी आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से	08.05.2023 समय : 10.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप.

इच्छुक क्रेताओं/संविदाकारों को ईएमडी राशि या तो आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से या डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर द्वारा खाता सं. 30310016156, लाभार्थी का नाम : "हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड", आईएफएससी कोड : HDFC0000003 में जमा करनी होगी।

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें :

1. ई-नीलामी ''जैसा है जहां है आधार'' एवं ''जो भी यही है आधार'' एवं ''जैसा भी है वहीं है आधार'' एवं ''उपचार-रहित आधार'' पर तथा ''ऑनलाइन'' संचालित की जायेगी।
2. ई-नीलामी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (हेल्पलाइन नं. : 9173528727, 07961200576/544/594/596/531/583/569, 6351896643 तथा ई-मेल Support@auctiontiger.net/maulik.shrimali@auctiontiger.net) के माध्यम से उनके वेबपोर्टल https://sarfaesi.auctiontiger.net पर आयोजित की जा रही है।
3. प्रतिभूत लेनदार के संज्ञान में सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। फिर भी, इच्छुक संविदाकारों को अपनी संविदाएँ जमा करने से पूर्व नीलामी पर रखी सम्पत्ति के ऋणभारों, सम्पत्ति के स्वामित्व तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों के सम्बन्ध में अपनी स्वतन्त्र पूछताछ कर लेनी चाहिए। इस सम्बन्ध में ई-नीलामी विज्ञापन हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड की कोई प्रतिबद्धता अथवा कोई प्रतिनिधान न तो निर्मित करता है और न निर्मित करेगा।
4. अधिकृत प्राधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी थर्ड पार्टी के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी प्रकार उत्तरदायी नहीं होगा। यह बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अध्यधीन होगी। ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निम्नलिखित वेबसाइट : https://sarfaesi.auctiontiger.net पर प्रकाशित की जा रही है।

तिथि : 14.04.2023 **हस्ता./-**
स्थान : सोनीपत, हरियाणा **अधिकृत प्राधिकारी**
हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड

ARMY PUBLIC SCHOOL DHAULA KUAN

RIDGE ROAD DHAULA KUAN-110010 | www.apsdk.com

TENDER NOTICE

Sealed Tenders are invited from manufacturers/dealers with professional expertise in supplying for procurement of 12 Split Air Conditioners (Cold & Hot) 2 Tons 3 Star.

Tender Form can be collected from School reception from 14 Apr 2023 to 22 Apr 2023 between 9:00AM to 3:00PM @ Rs 500/- Forms duly completed in all respect be submitted to APS Dhaula Kuan by 24 Apr 2023 at 1200 hrs along with DD (EMD) as per RFP in favour of Army Public School, Dhaula Kuan. For any queries contact Adm Officer on 8010136846.

Chairman, APSDK

PUBLIC NOTICE

Land measuring 3154.76 Sq.ft.,situated on GLR Sy. No.11/1/5, known as Plot No.5, Chanan Singh Park, Delhi Cantt is held on lease in Schedule VIII of CLA Rules, 1937 by Sh. Vijay Shankar Goel and Sh. Surender Kumar Goel holding ½ Shares each. The third and last term of the lease is subsisting till 31.01.2037.

Recorded lessee Sh. Surender Kumar Goel vide his letter dated 15.09.2021 has informed this office that his brother Sh. Vijay Shanker Goel had expired on 10.05.2021 and all the legal heirs of Sh. Vijay Shankar Goel has given their NoCs in favour of Sh. Kinshuk Goel S/o Late Sh. Vijay Shankar Goel in respect of 1/2 share held by Sh. Vijay Shankar Goel.

Sh. Surender Kumar Goel further informed that he has released his share i.e. 1/2 of the subject property in favour of his Son Mr. Namith Goel vide released deed dated 03.09.2021 and requested for mutation of the subject property in favour of the following :-

(1) Sh. Kinshuk Goel in place of his deceased father late Sh. Vijay Shankar Goel.
(2) Namith Goel in place of Sh. Surender Kumar Goel.

Therefore, on the basis of requisite document submitted by the applicants and the legal opinion rendered by Sh. Amit Sarkar, Advocate (Legal Advisor) dated 12.04.2023 on the proposed mutation, the names of Sh. Kinshuk Goel and Sh. Namith Goel is being considered to be entered in the General land Register (GLR) in respect of Plot No. 5 Chanan Singh Park, Delhi Cantt.-10.

Any person claiming to have any right or interest in the above property, having any objections to the above mutation, may file his written objections to the undersigned along with documents within 30 days from publication of this notice. The objections received after the expiry of 30 days from the publication of this notice, will not be entertained.

(Abhishek Rathour, I.D.E.S)
Defence Estates Officer
Delhi Circle, Delhi Cantt.

Case File No. 3/306/CH/Plot No.05
Dated 13 April, 2023.

"प्रपत्र सं. आईएनसी-26"

(कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
तथा
एरो इंफ्रास्टेट प्राईवेट लिमिटेड
(CIN : U70109DL2007PTC159197)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 5, जे ब्लॉक, कम्युनिटी सेन्टर, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027, इंडिया
.....याचिकाकर्त्ता

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत सामान्य जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी ने 10 अप्रैल, 2023 को आयोजित आसाधारण समान्य आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कम्पनी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली एण्ड हरियाणा के क्षेत्राधिकार के तहत अपने पंजीकृत कार्यालय को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में अपना पंजीकृत कार्यालय बदलने तथा कम्पनी के एसोसिएशन के संगम ज्ञापन को परिवर्तन की पुष्टि के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह इस नोटिस के प्रकाशन के चौदह दिनों के भीतर अपने विरोध का कारण और हित की प्रकृति जो शपथ-पत्र द्वारा सहयोगित हो तो वह निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या रजिस्टर्ड डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र बी-2, विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 को साथ में एक प्रति याचिकाकर्ता कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय जो नीचे लिखे विवर्णित पते पर भेज सकता है।

एरो इंफ्रास्टेट प्राइवेट लिमिटेड
प्लॉट नं. 5, जे ब्लॉक, कम्युनिटी सेन्टर,
राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027, इंडिया
कृते एरो इंफ्रास्टेट प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 14.04.2023 हरलीन सिंह ऑबरॉय
स्थान : नई दिल्ली (निदेशक)
डीआईएन : 08512764
पता : फ्लैट नं 111, शगूफा, प्लॉट नं. 5, सैक्टर 58ए, पाल्म बीच रोड, नेरुल, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र-400706

"प्रपत्र सं. यूआरसी-2"

अधिनियम के शीर्षक XXI के भाग 1 के अंतर्गत पंजीकरण के विषय में सूचना देने के लिये विज्ञापन
[कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) तथा कम्पनीज (पंजीकरण के लिए प्राधिकृत) नियमावली, 2014 के नियम 4(1) के अनुपालन में]

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुपालन मे दिल्ली में कम्पनी रजिस्ट्रार के पास इस सूचना के पन्द्रह दिनों के बाद किन्तु तीस दिनों की समाप्ति से पूर्व इस आशय का एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है कि वर्णमाला टेक्नोलॉजीज एलएलपी, एक एलएलपी को शेयर्स द्वारा एक कम्पनी लिमिटेड के रूप में कम्पनी अधिनियम, 2013 के शीर्षक XXI के भाग 1 के अंतर्गत पंजीकृत की जाये। 2. कम्पनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं: सॉफ्टवेयर विकास संसाधन विकास, संचार, दूर-संचार, आर्टिफिशियल इन्टेलिजैन्स, ट्रैनिंग कंसल्टेन्सी, परामर्श, मानव-शक्ति की आपूर्ति सहित आईटी संबंधित सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा आईटी से जुड़ी सभी प्रकार के हार्डवेयर का व्यापार करना।
3. प्रस्तावित कम्पनी के ड्राफ्ट मेमोरैण्डम तथा आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की प्रति फ्लैट नं. 303, आरजेडएच 812, राजनगर 2, पार्ट 2, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली दक्षिण पश्चिम दिल्ली दिल्ली 110077 में कार्यालय में देखी जा सकती है।
4. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन के प्रति कोई आपत्ति हो, वे उसके पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर लिखित में अपनी आपत्ति केन्द्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी) भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6,7,8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा) पिन कोड-122050 में रजिस्ट्रार के पास जमा करें।

आज, दिनांक, 14 अप्रैल, 2023 को।

हस्ता/-
आवेदकों का नाम
1. सरोजिनी मोहन्ती
2. सुनीता कुमारी

प्रपत्र सं. आईएनसी-25ए

कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के अनुपालन में
सार्वजनिक कंपनी का प्राईवेट कम्पनी में रूपांतरण के लिए समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए विज्ञापन
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में
तथा
एनडीजीसी ईजीओवी टेक्नोवेन्चर्स लिमिटेड
(CIN: U72500DL2019PLC344907) जिसका पंजीकृत कार्यालय एच.नं. 173, ख.नं. 81 यूजीएफ, फ्लैट नं. जी-3, सावित्री नगर, नई दिल्ली-110017 में है, के मामले में
.....याचिकाकर्ता/आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए 10 मार्च, 2023 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिए इच्छुक है।

कंपनी की स्थिति में इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के पतेः बी-2 विंग, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

एच.नं. 173, ख.नं. 81 यूजीएफ, फ्लैट नं. जी-3,
सावित्री नगर, नई दिल्ली-110017

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
एनडीजीसी ईजीओवी टेक्नोवेन्चर्स लिमिटेड
हस्ता./-
सहशा नामदेव
तिथि: 14.4.2023 निदेशक
स्थान: नई दिल्ली DIN: 06746773

गुमशुदा महिला की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका **नामः** शकीला, **पत्नीः** श्री सज्जाद **निवासीः** डी-19, निर्मल कालोनी, रोड नं0 64, ताहिरपुर, दिल्ली, **उम्रः** 27 साल, **कदः** 4 फुट 2 इंच **रंगः** गोरा, **शरीरः** मजबूत, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** हरे रंग का सूट सलवार एवं पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए है, दिनांक 10.03.2023 को समय लगभग 12.00 बजे दोपहर को अपने घर थाना अन्तर्गत नन्द नगरी, दिल्ली से लापता हो गयी है।

इस संदर्भ में **DD No 41A dated 12.03.2023** थाना-नन्द नगरी दिल्ली में दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना- नन्द नगरी, दिल्ली
फोन: 011-22583307, 8750870733
DP/3785/NE/2023

"प्रपत्र सं. आईएनसी-26"

(कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
तथा
गुड़गांव कंस्ट्रक्ट वैल प्राईवेट लिमिटेड
(CIN : U45200DL2007PTC157581)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 5, जे ब्लॉक, कम्युनिटी सेन्टर, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027, इंडिया
.....याचिकाकर्त्ता

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत सामान्य जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी ने 10 अप्रैल, 2023 को आयोजित आसाधारण समान्य आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कम्पनी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली एण्ड हरियाणा के क्षेत्राधिकार के तहत अपने पंजीकृत कार्यालय को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में अपना पंजीकृत कार्यालय बदलने तथा कम्पनी के एसोसिएशन के संगम ज्ञापन को परिवर्तन की पुष्टि के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह इस नोटिस के प्रकाशन के चौदह दिनों के भीतर अपने विरोध का कारण और हित की प्रकृति जो शपथ-पत्र द्वारा सहयोगित हो तो वह निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या रजिस्टर्ड डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र बी-2, विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 को साथ में एक प्रति याचिकाकर्ता कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय जो नीचे लिखे विवर्णित पते पर भेज सकता है।

गुड़गांव कंस्ट्रक्ट वेल प्राईवेट लिमिटेड
प्लॉट नं. 5, जे ब्लॉक, कम्युनिटी सेन्टर,
राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027, इंडिया
कृते गुडगांव कंस्ट्रक्ट वेल प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 14.04.2023 हरलीन सिंह ऑबरॉय
स्थान : नई दिल्ली (निदेशक)
डीआईएन : 08512764
पता : फ्लैट नं 111, शगूफा, प्लॉट नं. 5, सैक्टर 58ए, पाल्म बीच रोड, नेरुल, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र-400706

फॉर्म सं. 5

ऋण वसूली अधिकरण, लखनऊ

600/1 यूनिवर्सिटी रोड, हनुमान सेतु मंदिर के पास, लखनऊ-226007
(क्षेत्राधिकार - उत्तर प्रदेश का भाग)

प्रकाशन द्वारा उत्तर दाखिल करने और उपस्थिति के लिए समन

ओ.ए. नं. 727/2022 दिनांकः 21.03.2023

मूल आवेदन सं. 727/2022
फेडरल बैंक लिमिटेड
बनाम
मैसर्स आर. के. ट्रेडर्स एवं अन्य

1. मैसर्स आर. के. ट्रेडर्स (उधारकर्ता)
इसके मालिक के माध्यम से
श्री राज किशोर मिश्रा
पता : संतोष विहार, दुबग्गा, लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश।

2. श्री राज किशोर मिश्रा (मालिक)
पुत्र श्री सोन लाल मिश्रा
निवासी : नया न्यू कॉलोनी, संतोष विहार दुबग्गा, लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश

3. श्रीमती नीलम मिश्रा (मृतक)
उसके कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से
3ए. श्री राज किशोर मिश्रा (पति)
3बी. श्री श्याम (पुत्र)
निवासी : नया न्यू कॉलोनी, संतोष विहार, दुबग्गा, लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश।

उपरोक्त उल्लिखित आवेदन में, आपको इस ट्रिब्यूनल में व्यक्तिगत रूप से या अपने विधिवत अधिकृत एजेंट या कानूनी पेशेवर के माध्यम से दस्तावेजों और हलफनामों (यदि कोई हो) के साथ दो सेटों में पेपर बुक फॉर्म में जवाब दाखिल करने की आवश्यकता है, सम्मन के प्रकाशन के बाद आवेदक या उसके वकील/विधिवत अधिकृत एजेंट को इसकी प्रति प्रस्तुत करने के बाद और उसके बाद आपको 04.10.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होना होगा। ऐसा न करने पर आवेदन पर सुनवाई की जाएगी और आपकी अनुपस्थिति में निर्णय लिया जाएगा।

न्यायालय की मुहर

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली अधिकरण, लखनऊ

फार्म नं. INC-26

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम-30 के अनुसार]
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांरित करने के लिए समाचार-पत्र में प्रकाशित होने वाला विज्ञापन

केंद्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम(5) के क्लॉज (ए) के मामले में
और
एन डी ए शेयर ब्रोकर्स लिमिटेड (CIN: U01100DL1993PLC055471) पंजीकृत कार्यालय ई-157 एस/एफ कालकाजी, नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली-110019 के मामले में। .....(आवेदक)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपनी ने दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 को आसाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन की पुष्टि के लिए केंद्र सरकार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के तहत अधिकार प्राप्त क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष आवेदन करने का प्रस्ताव दिया है जिसका उद्देश्य कंपनी को अपना पंजीकृत कार्यालय "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" स्थानांतरित करने में सक्षम बनाना है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के अंदर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फॉर्म भर कर जमा कर सकते है या किसी के द्वारा या पंजीकृत डाक से क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, पता "बी 2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003" पर भेज सकते है। शिकायत फॉर्म के साथ आपत्तियां दर्ज करते हुए एक शपथपत्र देना होगा और शिकायत पत्र की एक कॉपी आवेदक कंपनी के ऊपर दिए पंजीकृत पते पर भेजनी होगी।

निदेशक बोर्ड की ओर से
एन डी ए शेयर ब्रोकर्स लिमिटेड
हस्ता/-
तिथि: 14.04.2023 कशिश (निदेशक)
स्थान: दिल्ली DIN: 09064359

प्रपत्र-3 [विनियम -15(1)(क)]/16(3) देखें

ऋण वसूली न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ (डीआरटी-2)
प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17ए, चंडीगढ़, (तृतीय और चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्थान आयोंटित)
वाद सं. ओए/2042/2021

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के साथ पठित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के तहत सम्मन **Exh. No. 15111**

भारतीय स्टेट बैंक बनाम विवेक चालाना

सेवा में,
(1) विवेक चालाना पुत्री/पत्नी/पुत्र नवलीन चालाना, मकान नं. सी-119, प्रथम तल, सेक्टर 51, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश **और: श्री विवेक चालाना पुत्र श्री नवलीन चालाना,** मकान नं. 1641, सेक्टर -13, हिसार, हिसार, हरियाणा
(2) पिवोटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि., यूनिट 310, तृतीय तल, ए ब्लॉक, इरिश टेक पार्क सोहना रोड, सेक्टर - 48, गुड़गांव, हरियाणा **और: पिवोटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** यूनिट 309 तृतीय तल, जेएमडी पैसिफिक स्क्वायर, सेक्टर-15, पार्ट-II, गुड़गांव, हरियाणा, **और:** प्लॉट नं. 12, सेक्टर-4, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा, **और:** द्वितीय तल, ओम शुभम टॉवर फरीदाबाद, एनआईटी हरियाणा -121001, फरीदाबाद, हरियाणा -121001

सम्मन

जबकि, ओए/2042/2021 माननीय पीठासीन अधिकारी / रजिस्ट्रार के समक्ष **08.12.2022** को प्रस्तुत किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. **25,57,477/-** के ऋण की वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओ.ए.) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है। (दस्तावेजों आदि की प्रतियों के साथ आवेदन संलग्न)

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुसार आप प्रतिवादियों को निम्न निर्देश दिया जाता है:-

(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें;
(iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में सं

खबर कोना

चैंपियंस लीग में एसी मिलान ने नेपोली को 1-0 से हराया

मिलान, 13 अप्रैल (एपी)।

एसी मिलान ने इस्माइल बेनेसर के गोल की मदद से चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में नेपोली को 1-0 से पराजित किया। इस्माइल बेनेसर ने 40वें मिनट में गोल दागा जिससे एसी मिलान अपने कट्टर प्रतिद्वंदी पर बढ़त बनाने में सफल रहा। यह एसी मिलान की दो सप्ताह से भी कम समय में नेपोली पर दूसरी जीत है। उसने दो अप्रैल को सीरि ए के मुकाबले में नेपोली को 4-0 से हराया था। नेपोली को मिडफील्डर आंद्रे फ्रैंक ज़ाम्बो एंगुइसा को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण अंतिम 16 मिनट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इन दोनों टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले मंगलवार को नेपल्स में खेला जाएगा। इस क्वार्टर फाइनल की विजेता टीम का मुकाबला सेमीफाइनल में इंटर मिलान या बेनफिका से होगा।

फ्रांस में मोंटे कार्लो टेनिस टूर्नामेंट में चिली के निकोलस जैरी विपक्षी खिलाड़ी के खिलाफ रिटर्न शाट लगाते हुए।

संजू सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना

चेन्नई, 13 अप्रैल (भाषा)।

राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आइपीएल में धीमी ओवर गति फिर से बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है क्योंकि अधिकतर मैच चार घंटे से अधिक समय तक खिंच रहे हैं। आइपीएल ने बयान में कहा, 'यह टीम का आइपीएल आचार संहिता के तहत धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध है, इसलिए कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।' इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को तीन रन से हराया था।

रियाल मैड्रिड ने चेल्सी पर बनाई बढ़त

मैड्रिड, 13 अप्रैल (एपी)।

करीम बेंजेमा ने चेल्सी के खिलाफ एक बार फिर गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड लगातार दूसरे सत्र में इंग्लैंड के क्लब को चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता से बाहर करने के करीब पहुंच गया है। विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड की तरफ से दोनों गोल करने में मदद की जिससे उनकी टीम ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 2-0 से बढ़त बनाकर सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बेंजेमा ने 21वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मार्को असेनसियो ने 74वें मिनट में बढ़त दोगुनी की। बेंजेमा का यह चेल्सी के खिलाफ पांच मैचों में छठा गोल था। बेन चिलवेल को लाल कार्ड मिलने के कारण चेल्सी को आखिरी आधे घंटे में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। चेल्सी की फ्रैंक लैंपार्ड का अंतरिम कोच का पद संभालने के बाद यह लगातार दूसरी हार है। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह स्टैनफोर्ड ब्रिज में खेला जाएगा।

फ्रांस में मोंटे कार्लो टेनिस टूर्नामेंट में पोलैंड के हुरकज के खिलाफ रिटर्न शाट लगाते इटली के जननिक सिनर।

कलात्मक

अमन सहरावत ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

अस्ताना, 13 अप्रैल (भाषा)।

अमन सहरावत ने सीनियर स्तर पर प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 57 किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान के अल्माज समानबेकोव को हराकर भारत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। सहरावत ने फाइनल में समानबेकोव को 9-4 से शिकस्त दी।

दिल्ली के प्रतिष्ठित छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करने वाले सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में जापान के रिकुतो अराई को 7-1 से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन के वानहाओ झू को 7-4 से शिकस्त दी। पिछले साल अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले सहरावत ने 2023 सत्र में दूसरा पोडियम स्थान हासिल किया। उन्होंने फरवरी में जागरेब ओपन में भी कांस्य पदक जीता था। दो अन्य भारतीय पहलवान भी गुरुवार को कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहे। दीपक कुकना (79 किग्रा) और दीपक नेहरा (97 किग्रा) अपने सेमीफाइनल मुकाबले हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे।

कुश्ती

आरपी सिंह को चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (भाषा)।

भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह को हरबिंदर सिंह की जगह हाकी इंडिया की चयन समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आरपी सिंह को मंगलवार को इस पद पर नियुक्त किया गया और नई समिति 15 अप्रैल से प्रभावी होगी।

आरपी सिंह के अलावा पैनल के अन्य सदस्यों में बलविंदर सिंह, मोहम्मद रियाज, एमएम सोमाया, सुभद्रा प्रधान, सरदार सिंह, बीपी गोविंदा, चिंगलेनसाना सिंह कंजुगम, रजनीश मिश्रा, वीआर रघुनाथ, समीर दाद, युवराज वाल्मीकि, जायदीप कौर और असुंता लाकड़ा शामिल हैं। समिति में राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच, वैज्ञानिक सलाहकार और हाई परफोर्मेंस निदेशक शामिल होंगे। हाकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने आरपी सिंह को लिखे पत्र में कहा, '27 मार्च 2023 को आयोजित हाकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड की 98वीं बैठक में हाकी इंडिया समितियों के लिए नियुक्तियों की समीक्षा की गई।' आरपी सिंह 1998 में जूनियर चयन समिति के सदस्य हुआ करते थे और 2021 में हाकी इंडिया की हाई परफोर्मेंस और विकास समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

हाकी इंडिया

भारत ने सुहल जूनियर विश्व कप के लिए 39 सदस्यीय टीम चुनी

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (भाषा)।

भारत ने जर्मनी के सुहल में एक से छह जून तक होने वाली आइएसएसएफ विश्व कप जूनियर राइफल/पिस्टल/शाटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को 39 सदस्यीय टीम घोषित की। जूनियर विश्व कप के बाद कोरिया में चांगवोन में जुलाई में जूनियर विश्व चैंपियनशिप भी होगी।

एनआरएआइ द्वारा घोषित टीम में कई ऐसे निशानेबाज हैं जो पिछले कुछ समय से जूनियर स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें पिस्टल वर्ग में सिमरनजीत कौर बरार, राजकंवर सिंह संधू और समीर तथा राइफल वर्ग में अभिनव साव और धनुष श्रीकांत के अलावा शाटगन वर्ग में शारदुल विहान और प्रीति राजक शामिल हैं। गौतमी भनोट और स्वाति चौधरी (राइफल), अभिनव चौधरी और शुभम बिस्ला (पिस्टल) तथा सबीरा हैरिस और हरमेर सिंह लाली (शाटगन) जैसे उभरते हुए निशानेबाजों को भी टीम में जगह मिली है। मिश्रित टीम एअर राइफल, एअर पिस्टल और ट्रैप स्पर्धाओं के लिए दो मिश्रित टीम जोड़ियों की घोषणा भी की गई।

निशानेबाजी

गिल का अर्धशतक, गुजरात टाइटंस छह विकेट से जीता

मोहाली, 13 अप्रैल (भाषा)।

गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की 67 रन की अर्धशतकीय पारी से गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच में पंजाब किंग्स को एक गेंद रहते छह विकेट से हराया। पंजाब किंग्स की टीम शुरुआती झटकों और गत चैंपियन गुजरात टाइटंस की शानदार गेंदबाजी के सामने घरेलू मैदान पर आठ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस गिल की 49 गेंद में सात चौके और एक छक्के जड़ित पारी के बावजूद 19.5 ओवर तक जीत दर्ज कर पाई।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (30 रन) ने तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह पर चार चौके जड़कर पंजाब किंग्स को पस्त करने की नींव रखी। कागिसो रबाडा ने साहा (19 गेंद, पांच चौके) को आउट कर 100वां आइपीएल विकेट हासिल किया और गिल के साथ पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी खत्म की। साई सुदर्शन (19 रन) लय में आ ही रहे थे कि अर्शदीप ने उन्हें आउट कर दिया। इसके बाद कप्तान हार्दिक पंड्या (08) भी पवेलियन पहुंच गए। अंतिम ओवर में टीम को छह गेंद में सात रन चाहिए थे और सैम करन ने गिल को बोल्ड कर दिया। राहुल तेवतिया (05) ने फिर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेविड मिलर 17 रन बनाकर नाबाद रहे।

बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर शानदार फार्म में चल रहे कप्तान शिखर धवन (08) और युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह धमाल नहीं दिखा सके और सस्ते में आउट हो गए। मैथ्यू शार्ट 36 रन (24 गेंद, छह चौके, एक छक्का) बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। पंजाब किंग्स ने पारी की दूसरी ही गेंद पर पहला विकेट गंवा दिया। प्रभसिमरन खाता भी नहीं खोल सके और शमी की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में आसान सा कैच देकर आउट हुए। पर शार्ट ने क्रीज पर आते ही लगातार दो चौके जड़ दिए।

धवन ने दूसरे ओवर में दो चौके जड़कर अपने इरादे दिखाए और फिर अगले ही ओवर में शार्ट ने शमी पर कवर्स और मिडआफ में लगातार चौके लगाए। लेकिन धवन की बड़ी पारी खेलने की उम्मीद लिटिल ने तोड़ दी। इस गेंदबाज की गुडलेंथ गेंद को मिडआन पर खेलने के प्रयास में वह जोसफ को कैच दे बैठे, इस तरह गुजरात ने बड़ा विकेट हासिल किया।

शुभमन गिल की 67 रन की पारी



आइपीएल में वापसी करने वाले अनुभवी गेंदबाज मोहित शर्मा ने गुजरात टाइटंस के लिए पहली बार खेलते हुए 18 रन देकर दो विकेट झटककर प्रभावित किया। मोहम्मद शमी (44 रन देकर एक विकेट) ने अपनी टीम को पहले ही ओवर में सफलता दिलाई। राशिद खान, जोश लिटिल और अल्जारी जोसफ को भी एक-एक विकेट मिला। पंजाब किंग्स ने अंतिम पांच ओवर में 54 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए जिसमें से दो खिलाड़ी 20वें ओवर में रन आउट हुए। इस स्कोर में उसके विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 25 रन बनाए।

ओस के कारण गेंद बदलने को लेकर

अंपायरों के फैसले से अश्विन हुए हैरान

चेन्नई, 13 अप्रैल (भाषा)।

राजस्थान रायल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हैरानी जताई कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच के दौरान अंपायरों ने ओस के कारण खुद ही गेंद बदलने का फैसला किया और उन्होंने इस तरह के निर्णय में निरंतरता बनाए रखने की अपील की। एमए चिदंबरम स्टेडियम में बुधवार की रात को खेले गए मैच के दौरान काफी ओस पड़ रही थी जिसके कारण अंपायरों ने स्वयं ही हस्तक्षेप करके दूसरी पारी के दौरान गेंद बदल दी थी जिससे अश्विन हैरान थे। इस आफ स्पिनर ने मैच में 25 रन देकर दो विकेट लिए। राजस्थान में यह मैच तीन रन से जीता।

उन्होंने कहा, 'हमारी टीम गेंदबाजी कर रही थी और हमने गेंद बदलने के लिए नहीं कहा था। लेकिन अंपायरों ने अपनी मर्जी से गेंद बदल दी। मैंने अंपायर से पूछा और उन्होंने कहा कि हम ऐसा कर सकते हैं।'

अश्विन ने कहा, 'इसलिए मुझे उम्मीद है कि जब भी ओस पड़ रही होगी तब वे इसे बदल सकते हैं। आप जो भी करना चाहें कर सकते हैं लेकिन आपको एक मानक तय करने की जरूरत है।' राजस्थान रायल्स के इस स्पिनर ने कहा वह अपने खेल का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।

आइपीएल

अश्विन ने कहा कि उन्होंने इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा जबकि अंपायरों ने बहुत अधिक ओस गिरने पर गेंद बदली हो। उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह हैरानी भरा रहा कि अंपायरों ने ओस के कारण अपनी मर्जी से गेंद बदल दी। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था और मैं हैरान था। ईमानदारी से कहूं तो इस बार आइपीएल में मैदान पर लिए गए कुछ फैसलों से मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं।' मैन आफ द मैच चुने गए अश्विन ने कहा, 'मेरा कहने का मतलब है कि मैं इसलिए हैरान हूं क्योंकि इसके अच्छे या गलत परिणाम निकल सकते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि आपको थोड़ा संतुलन बनाने की जरूरत है।'

डब्लूएफआइ प्रमुख के खिलाफ आरोप साबित नहीं हो सके

नई दिल्ली, 13 अप्रैल (भाषा)।

देश के शीर्ष पहलवानों द्वारा शोषण के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआइ) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। सूत्रों ने यह संकेत दिए हैं। एक अभूतपूर्व कदम में विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे शीर्ष पहलवानों ने जनवरी में दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था और डब्लूएफआइ प्रमुख पर यौन शोषण और डराने-धमकाने के आरोप लगाए थे। पहलवानों ने मांग की थी कि डब्लूएफआइ को भंग कर दिया जाए और अध्यक्ष को हटा दिया जाए।

खेल मंत्रालय ने 23 जनवरी को महान मुक्केबाज एमसी मैरीकाम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया था और उसे एक महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा था। बाद में समय सीमा दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई और प्रदर्शनकारी पहलवानों के आग्रह पर बबीता फोगाट को जांच पैनल में छठे सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

समिति ने अप्रैल के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी लेकिन मंत्रालय ने अभी तक इसके निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया है। हालांकि कई सूत्रों ने पुष्टि की कि पहलवान कई सुनवाई के बाद डब्लूएफआइ प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को साबित नहीं कर सके।

कुश्ती

पांच छक्के जड़ कर रिंकू ने केकेआर को दिलाई थी जीत | आइपीएल | शार्दुल ठाकुर की तूफानी पारी ने दिखाया कमाल

सनराइजर्स के खिलाफ केकेआर की निगाहें अब जीत की हैट्रिक पर

कोलकाता, 13 अप्रैल (भाषा)।

रिंकू सिंह की तूफानी पारी के बाद उत्साह से लबरेज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना जब शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो उसकी निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। इस सत्र के अपने पहले मैच में मोहाली में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने के बाद केकेआर को दो नए नायक मिले जिन्होंने उसे अगले दोनों मैचों में जीत दिलाई।

पहले रायल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शार्दुल ठाकुर ने अपने बल्ले से कमाल दिखाया और 29 गेंदों पर 68 रन की तूफानी पारी खेलकर केकेआर को 81 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद रिंकू सिंह ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम पांच गेंदों पर छक्के जड़कर अपनी टीम को अप्रत्याशित जीत दिलाई थी। इस तरह से केकेआर की निगाहें जीत की हैट्रिक पूरी करने पर लगी हैं। नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी केकेआर को खल रही है लेकिन अचानक ही वह मजबूत टीम के रूप में उभर कर सामने आई है।

जहां तक सनराइजर्स का सवाल है तो एडेन मार्कराम की अगुआई वाली टीम हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल और हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी में कागजों पर मजबूत नजर आती है। सनराइजर्स के पास सीमित ओवरों के कई विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं लेकिन वे पहले दो मैचों में अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। सनराइजर्स ने पिछले मैच में राहुल त्रिपाठी की नाबाद 74 रन की पारी के दम पर पंजाब को आठ विकेट से हराया था।

इस जीत से उत्साह से ओतप्रोत ब्रायन लारा की कोचिंग वाली सनराइजर्स की टीम केकेआर को कड़ी टक्कर देने के लिए मैदान पर उतरेगी। त्रिपाठी फिर से बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभा सकते हैं जबकि सनराइजर्स को ब्रूक और क्लासेन से भी अच्छे योगदान की उम्मीद रहेगी। सनराइजर्स के पास वाशिंगटन सुंदर और मयंक मार्कंडेय के रूप में दो उपयोगी स्पिनर हैं।

इसके अलावा उसके पास भुवनेश्वर कुमार और मार्को यानसन जैसे तेज गेंदबाज हैं जिससे वह केकेआर के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकता है। केकेआर अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और इस मैच में जीत से वह शीर्ष पर पहुंच सकता है।

केकेआर की दोनों जीत में उसके स्टार आलराउंडर आंद्रे रसेल और कप्तान नितीश राणा की खास योगदान नहीं रहा और अब टीम प्रबंधन यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगा कि उसे ये जीत संयोग से नहीं मिली थी। रसेल ने पंजाब के खिलाफ पहले मैच में 19 गेंदों पर 35 रन बनाए थे लेकिन अगले दो मैचों में वह शून्य और एक रन ही बना पाए। जमैका का यह आक्रामक बल्लेबाज अब बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होगा। केकेआर ने अभी तक तीनों मैच में अलग-अलग सलामी जोड़ियां आजमाई हैं और फिर से इसमें बदलाव की संभावना है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन राय को अफगानिस्तान के रहमनुल्लाह गुरबाज के स्थान पर अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 40, अंक 147
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com